आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 17 अंक 6 ● कटनी ● सोमवार, 6 फरवरी, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● फाल्गुन कृष्ण पक्ष प्रतिपदा ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935







## तुर्कियेऔर सीरिया में भूकंप से भीषण तबाही, जमींदोज इमारतों में जिंदगी की तलाश

# 313 मौतें, आंकड़ा एक हजार कर सकता है पार



तुर्किये में 76, सीरिया में 237 लोग मारे गए, लेबनान, इजराइल भी हिले

**अंकारा, एजेंसी।** तुर्किये (पुराना नाम तुर्की) में सोमवार सुबह भूकंप के 3 बड़े झटकों से भारी तबाही हुई। पहले भूकंप की तीव्रता 7.8 तीव्रता थी। इससे सबसे ज्यादा नुकसान अंकारा, नूरदगी शहर समेत 10 शहरों में हुआ। तुर्किये के कुछ सेकेंड बाद सीरिया, लेबनान और इजराइल में भी भूकंप आया। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, तुर्किये में अब तक 76 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। 440 लोगों के घायल होने की खबर है। वहीं, सीरिया में 237 लोग मारे गए और 639 जख्मी हैं। इस तरह अब तक इन दो देशों में मरने वालों की संख्या 313 हो गई है। दोनों देशों में मरने वालों की संख्या बढ़ सकती हैं, क्योंकि अभी भी कई लोग मलबे के नीचे दबे हैं। यह आंकड़ा एक हजार पार कर सकता है। लेबनान और इजराइल से फिलहाल किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोगन ने जानकारी दी थी कि भूकंप प्रभावित इलाकों में तलाना औऱ्बचाव के लिए टीमें तत्काल भेज दी गई थीं। उन्होंने कहा, च्हमें उम्मीद है कि हम इस आपदा से कम सेकम नुकसान के साथ मिलकर जल्द से जल्द निकल आएंगे। साल 1999 में उत्तर पश्चिम तुर्की में आए भूकंप में 18 हजार लोगों की मौत हो गई थी। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, पहले भूकंप का केंद्र कहरामनमारस प्रांत के गाजियांटेप शहर से 30 किलोमीटर दूर और जमीन से करीब 24 किलोमीटर नीचे था। लोकल समय के मुताबिक, ये भूकंप सुबह 4 बजकर 17 मिनट पर आया। इसके 11 मिनट बाद 6.7 तीव्रता का दूसरा भूकंप भी आया। इसका केंद्र जमीन से 9.9 किलोमीटर नीचे था। दूसरे भूकंप के 19 मिनट बाद 5.6 तीव्रता का तीसरा भूकंप भी आया। लिहाजा कई लोगों के मलबे में दबे होने और मारे जाने की आशंका जताई जा रही है। लोगों को बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

## सुप्रीम कोर्ट में 5नये जजों ने ली शपथ

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट और केंद्र के लगभग दो महीने के खींचतान के बाद आखिरकार शनिवार को पांच जजों की नियुक्ति पर मोहर लग गई। ये पांच जज



सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में शपथ ले ली है। सुप्रीम कोर्ट की नई बिल्डिंग में सीजेआई डीवाई चंद्रचूड इन जजों को शपथ दिलाई इन नियुक्तियों के बाद सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या 32 हो गई है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट में कुल संख्या 34 जजों की होनी चाहिए।

## संघ प्रमुख मोहन भागवत का जातिवाद पर बड़ा बयान

**मुंबई, एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने जातिवाद को लेकर बड़ा बयान दिया है। मुंबई में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ऋस्स् प्रमुख



मोहन भागवत ने कहा, च्हमारी समाज के प्रति भी जम्मिेदारी है। जब हर काम समाज के लिए है तो कोई ऊंचा, कोई नीचा या कोई अलग कैसे हो गया? भगवान ने हमेशा बोला है कि मेरे लिए सभी एक है, उनमें कोई जाति, वर्ण नहीं है, लेकिन पंडितों ने श्रेणी बनाई, वो गलत था। भागवत ने कहा कि हमारे समाज के बंटवारे का ही फायदा दूसरों ने उठाया। इसी का फायदा उठाकर हमारे देश में आक्रमण हुए और बाहर से आये लोगों ने फायदा उठाया।



# पहले गूंजा जयश्री राम, फिर अडानी पर मचा घमासान

## कांग्रेस समेत 12 पार्टियों ने कहा– संसद में और कोई मुद्दा नहीं उठेगा

**नई दिल्ली, ईएमएस।** अडाणी ग्रुप पर जांच की मांग को लेकर सोमवार को संसद से सड़क तक हंगामा हो रहा हैं। कांग्रेस देशभर में प्रदर्शन कर रही है। लोकसभा और राज्यसभा में कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने अडाणी मामले में चर्चा की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी की। दोनों सदनों के स्पीकर्स ने सांसदों को समझाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं माने। इसके बाद दोनों सदनों की कार्यवाही 2 बजे तक स्थगित कर दी गई। विपक्ष का कहना है कि संसद में अडाणी के अलावा कोई और मुद्दा नहीं उठेगा। बजट पेश होने के बाद संसद के दोनों सदनों में कार्यवाही बाधित रही है। विपक्ष अडानी के मुद्दे पर एकजुट है और सरकार से चर्चा कराने की मांग कर रहा है। पिछले हफ्ते में दोनों सदनों में कामकाज नहीं हो सका था। राजद सांसद मनोज झा ने कहा कि लोग चिंतित हैं लेकिन सरकार अडानी के मुद्दे पर बोलने से बच रही है। अडानी दावा कर रहे हैं कि यह देश पर एक हमला है, लेकिन



कैसे? उन्होंने कहा कि हम इस मामले में जेपीसी जांच चाहते हैं। आज स्पीकर ओम बिरला ने जैसे ही सदन में प्रवेश किया, सांसद जयश्री राम के नारे लगाने लगे। आगे बिरला ने बताया कि आज संसद में भूटान के संसदीय शिष्टमंडल के सदस्य विराजमान हैं। मैं अपनी ओर से सदन की ओर से सभी माननीय सदस्यों की ओर से उनकी भारत यात्रा पर स्वागत-अभिनंदन करता हूं। शिष्टमंडल के सदस्य मुंबई और औरंगाबाद की यात्रा भी करेंगे। जिस समय स्पीकर परिचय करा रहे थे, भूटान से आए मेहमान हाथ जोड़कर खड़े हो गए।भूटान के मेहमानों का परिचय कराने के फौरन बाद स्पीकर ने कहा कि माननीय सदस्य गण थोड़ा संसद की गरिमा बनाए रखिए। यह संसद है। इसके बाद उन्होंने प्रश्नकाल की घोषणा कर दी। शोर शुरू होने लगा... सदस्यों को देख स्पीकर नाराज हो गए।

उन्होंने सदस्यों से अपनी सीट पर लौटने के लिए कहा। एक सदस्य ने कहा, सर हाउस ऑर्डर में नहीं है।

## बैग उठाने के लिए मदद मांगी थी, एयर होस्टेस बोली- ये मेरा काम नहीं

# अमेरिकन एयरलाइंस ने कैंसर पेशेंट महिला को फ्लाइट से उतारा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली से न्यूयॉर्क जा रही अमेरिकन एयरलाइंस की फ्लाइट से एक महिला कैंसर पेशेंट को उतार दिया गया। उनकी गलती बस इतनी थी कि फ्लाइट में अपना बैग ओवरहेड केबिन में रखने के लिए एयर होस्टेस से मदद मांग ली। पीड़ति ने दिल्ली पुलिस और सिविल एयर से इसकी शिकायत की है। वहीं, एयरलाइन ने मामले पर सफाई देते हुए कहा कि पैसेंजर ने क्रू मेंबर के निर्देश मानने से इनकार कर दिया था। 30 जनवरी को मीनाक्षी सेनगुप्ता नाम की महिला ने अमेरिकन एयरलाइंस के एक क्रू मेंबर्स के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। मीनाक्षी ने बताया



कि वो कैंसर पेशेंट हैं और हाल ही में उनकी सर्जरी हुई है। वे रूटीन चेकअप के लिए अमेरिकन एयरलाइंस की फ्लाइट 293 से न्यूयॉर्क जा रही थीं। दिल्ली एयरपोर्ट पर ग्राउंड स्टाफ ने उन्हें व्हीलचेयर की मदद से फ्लाइट में चढ़ाया। मीनाक्षी बताती हैं कि सर्जरी के बाद से मेरा शरीर बहुत कमजोर हो गया है, मैं ज्यादा वजन नहीं उठा सकती। इसीलिए फ्लाइट में चढ़ने के बाद मैंने करू मेंबर से अपना बैन ओवरहेट केबिन में रखने के लिए मदद मांगी। बैग का वजन करीब ढाई किलो था, लेकिन क्रू मेंबर ने मेरी मदद करने से मना कर दिया और फ्लाइट से नीचे उतरने को कह दिया। उन्होंने मुझसे कहा कि अगर मैं सहज महसूस नहीं कर रही हूं तो मुझे विमान से उतर जाना चाहिए। इस फैसले में पूरा क्रू साथ था।

## 11 राज्यों में आज से इथेनॉल वाला पेट्रोल

### पीएम मोदी लॉन्च करेंगे, एशिया की सबसे बड़ी हेलिकॉप्टर फैक्ट्री राष्ट्र को सौंपेंगे

**बेंगलुरु, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बेंगलुरु में इंडिया एनर्जी वीक 2023 का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान 11 राज्यों में ई20 पेट्रोल की शुरुआत भी होगी, जो 20प्रश इथेनॉल से मिलकर बनता है। PM सोलर एनर्जी से चलने वाले सोलर कुकिंग सिस्टम को भी पेश करेंगे। एनर्जी वीक 6 फरवरी से 8 फरवरी तक चलेगा। इसके अलावा PMमोदी कर्नाटक के तुमकुरु में HAL की हेलिकॉप्टर फैक्ट्री देश को सौपेंगे। यह एशिया की सबसे बड़ी हेलिकॉप्टर फैक्ट्री है। यहां 20 साल में 1000 से अधिक हेलिकॉप्टर बनेंगे।PMमोदी ने रविवार को ट्वीट करके कर्नाटक दौरे के बारे में जानकारी दी।

पहले ही वर्ष में लाखों लोगों की पसंद बना

अरुणोदय पंचांग

घर-घर का पंडित बना

अरुणोदय पंचांग




ईरान में विजेता भारतीय खिलाड़ी तान्या को ढकना पड़ा सिर

# हिजाब पहनने पर ही मिला मेडल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की तान्या हेमंत ने ईरान के फज्र इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटन टूर्नामेंट में सिंगल्स का खिताब अपने नाम कर लिया। लेकिन उनके खिताब जीतने से ज्यादा चर्चाएं ईरान के रवैये की हो रही हैं। तान्या को जीत के बाद अपना गोल्ड मेडल लेने के लिए जाना था, लेकिन ईरानी अथॉरिटीज ने उन्हें सिर पर स्कार्फ पहनने को कहा। ईरानी अथॉरिटीज के कहने पर तात्या हेमंत ने स्कार्फ पहना और उसके बाद ही पोडियम पर मेडल लेने के लिए जा सकीं। तान्या की ऐसे वक्त में स्कार्फ पहनने को कहा गया, जब खुद ईरान में ही महिलाएं हिजाब के खिलाफ आंदोलन कर रही हैं और सड़कों पर हैं। कई महिलाओं को तो जेल में भी डाला गया है, लेकिन आंदोलन नहीं थम रहा। दूसरे नंबर




की खिलाड़ी 19 साल की तान्या ने प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी से ट्रेनिंग ली है। उन्होंने 30 मिनट चले मुकाबले में तारानिम मीर को हरा दिया। इसके बाद जब मेडल सेरेमनी की बारी आई तो आयोजकों ने तान्या से कहा कि वे सिर ढकने के बाद ही मंच पर आ सकती हैं। टूनर्मेंट की गाइडलाइंस में स्कार्फ या हिजाब पहनने की कोई बात शामिल नहीं थी। लेकिन आयोजकों ने तान्या से कहा कि वे मंच पर जाने से पहले सिर पर काबा लें। हालांकि मैच के दौरान ऐसी कोई पाबंदी नहीं थी लेकिन महिलाओं को मैचों को देखने के लिए पुरुष दर्शकों को अनुमति भी नहीं है।



## बिहार में बकरी ने दिया घोड़े जैसे बच्चे को जन्म

**बगहा,एजेंसी।** कभी कभी ऐसा कुछ होता है जो लोगों को चौंका कर रख देता है। लोगों को उम्मीद से परे कुछ ऐसा देखने को मिल जाता है जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की हो। हालांकि ऐसी तस्वीरों की वजह क्या होती है, ये कोई नहीं जानता। ऐसा ही कुछ हुआ बिहार में। बिहार में इंडो नेपाल सीमा पर स्थित वाल्मीकीनगर में एक बकरी ने ऐसे बच्चे को जन्म दिया जिसको देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। इस बच्चे का सिर ही नहीं था। लेकिन बाकी का जिस्म ऐसा था, जिसे देख कर सब हैरान रह गए। किसी को यकीन नहीं हो पा रहा था कि ऐसा भी हो सकता है। लेकिन जो आंखों के सामने था वो सच था। यहां एक बकरी ने ऐसे बच्चे को जन्म दिया जिसका सिर ही नहीं था। यही नहीं, बकरी के बच्चे के कान उसकी गर्दन पर ही थे।

भाजपा की विकास यात्राएं शुरू

# बुजबुजा के संत समागम में उमड़ा जनसैलाब

## समाज को संत समाज के आशीर्वाद की जरूरत - विष्णुदत्त शर्मा



**कटनी, यशभारत।** संत शिरोमणि रविदासजी की जन्म जयंती पर आज ग्राम बुजबुजा में संतों का आशीर्वाद तथा बाल्मीकि समाज के हजारों लोगों का जो स्नेह मुझे मिला उसका सदैव ऋणी रहूंगा। आज इस विशाल कार्यक्रम में मुझे शामिल होने का सौभाग्य मिला जिसके लिए पूरे बाल्मीकि समाज का आभार, वंदन है। बुजबुजा में सन्त समागम तथा सन्त रविदास मंदिर में रविदास जी की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष तथा सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने व्यक्त किये। इस विशाल आयोजन में करीब 30 हजार लोगों की मौजूदगी थी। श्री शर्मा ने सभी संतों को प्रणाम करते हुए कहा कि संत रविदास जी ने जिस तरह समाज को आशीर्वाद दिया आज सन्त समाज के इसी आशीर्वाद की जरूरत सम्पूर्ण समाज को है। संत रविदास जी ने सिर्फ भारत ही नहीं सम्पूर्ण दुनिया को जो दिया आज हम उनको याद कर कृतार्थ हैं। भारत पर हजारों बार आक्रमण हुए, लोगों ने भारत को अस्थिर करने का प्रयास किया। भारत को सामाजिक समरसता से जो एक करने का काम किया उसमे रविदास जी की भूमिका है। ऐसा संत जिसने कहा कि मन चंगा तो कठौती में गंगा तो गंगा जी भी उस कठौती में प्रगट हो गई। आज हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सामाजिक समरसता के लिए निरन्तर संकल्प के साथ कार्य कर रहे हैं। कुंभ में जब मोदी जी गए तो उन्होंने स्वच्छता कर्मियों के पैर धोकर दुनिया को कुरीतियों को मिटाने का संदेश दिया भारत के 75 साल में कोई ऐसा प्रधानमंत्री नहीं हुआ जिसने कभी स्वछता दूतों का पैर धोकर उनका सम्मान किया।

### सरकार ने रविदास जी के सम्मान का संकल्प के साथ कार्य किया : सुमित्रा बाल्मीक

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीक ने कहा कि हमारी सरकार ने रविदास जी के सम्मान का सदैव संकल्प के साथ कार्य किया। उन्होंने क्षेत्रीय विधायक संजय पाठक की प्रशंसा करते हुए कहा कि इतना बड़ा आयोजन ही नहीं बल्कि संजय जी सदैव बालमीक समाज के उत्थान तथा सम्मान के लिए जुटे रहते हैं। वह तो कभी बाल्मीकि समाज के बुजर्गों माताओं बहनों से चरण स्पर्श भी नहीं कराते।

### हम सौभाग्यशाली हैं- कैलाश जाटव

कार्यक्रम में उपस्थित अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष कैलाश जाटव ने आयोजन के लिए सन्त रविदास समिति का आभार जताया साथ ही कहा कि इस विशाल कार्यक्रम में शामिल होने का मौका मिला इसके लिए हम गौरवशाली सौभाग्यशाली हैं।

### समाज में सभी एक समान- संजय पाठक

कार्यक्रम में विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने कहा कि आज हम हर्षित ही नहीं गौरवान्वित हैं कि इस कार्यक्रम में हमारे प्रदेश के अध्यक्ष तथा लोकप्रिय सांसद जी का आगमन हुआ। यह रविदास जी की ही कृपा है कि आज इस संत समागम में लोगों की ऐतिहासिक उपस्थिति रही। उन्होंने कहा कि वह अपने पिता के आदर्शों पर चलते हैं जाति से कोई ऊंचा नीचा नहीं होता लिहाजा किसी भी समाज का बुजुर्ग पिता के समान है इसलिए हम सबको बुजुर्ग माता बहनों का सदैव सम्मान करना चाहिए।

### अभिभावक के समान हैं प्रदेश अध्यक्ष - टंडन

सन्त समागम के अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन ने कार्यक्रम में पधारे प्रदेश अध्यक्ष तथा सभी संतों के श्री चरणो में नमन करते हुए कहा कि हमारे संगठन के मुखिया नेतृत्वकर्ता निरन्तर समाज के हर वर्ग की चिंता करते हैं वह हमारे अभिभावक के समान हैं। आज कटनी में इस ऐतिहासिक कार्यक्रम ने व्यस्त समय मे शामिल होकर हम सभी को उन्होंने मान सम्मान बढ़ाया है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बाल्मीक समाज के लोग उपस्थित थे। मंच पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा, राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीकि, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष कैलाश जाटव, विधायक संजय सत्येंद्र पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा आदि उपस्थित थे।

## हर्षित और गौरवान्वित हैं हम -संजय पाठक



## 3 करोड़ से अधिक लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन

**कटनी।** कटनी जिले के विजयराघवगढ़ विधानसभा में 21 दिनों तक चलने वाली विकास यात्रा को भी भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने मीडिया से संवाद करते हुए कहा कि, शासन द्वारा प्रारंभ की गई इस विकास यात्रा का उद्देश्य विकास और जनकल्याण की योजनाओं का लाभ दिलाकर से स्वराज के लक्ष्यों को प्राप्त करना है। इसलिए प्रदेशभर में विकास यात्रा का 5 से 25 फरवरी तक आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य विभिन्न विकास गतिविधियों एवं उपलब्धियों को जनता के साथ सांझा करना एवं भविष्य में आत्मनिर्भर समृद्ध और विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण के उद्देश्य से नए विकास कार्यों की आधारशिला रखना है। इस दौरान भूमि-पूजन, लोकार्पण एवं हितलाभ वितरण किया जाएगा।उन्होंने विजयराघवगढ़ के ग्राम बुजबुजा में लगभग तीन करोड़ से लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया इसके साथ ही विकास यात्रा के साथ गांवों में पहुंचने पर ग्रामवासियों ने वीडी शर्मा एवं स्थानीय विधायक संजय पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी सहित कार्यकर्ताओं का स्वागत किया।द 20 दिन चलने वाली विकास यात्राएं आज रविदास जयंती से प्रारंभ हुईं जो कि 25 फरवरी तक चलेंगी। विकास यात्राओं के जरिए सरकार अपनी योजनाओं का न सिर्फ लाभ हितग्राहियों को देगी बल्कि 15 साल की उपलब्धियों को भी जनता के समक्ष प्रस्तुत करेगी। कटनी की चारों विधानसभाओं में आज विकास यात्राओं को आगाज हुआ।

## केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस का धरना




चुनिंदा अरबपतियों को भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा फायदा पहुंचाने के लिए बदले गए नियमों के खिलाफ कांग्रेस ने आज स्टेट बैंक चौराहे पर धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया।

## रविदास जयंती पर चिकित्सा शिविर में 4 सौ मरीजों की जांच


**कटनी, यशभारत।** शिरोमणि महान समाज सुधारक सन्त रविदास जी की जयंती के अवसर पर कटनी ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसाइटी (रजि.) के द्वारा पन्ना मोड़, गल्ला मंडी रोड महाकाल मेडिकल में निःशुल्क स्वास्थ परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 400 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर का माँ सरस्वती के पूजन उपरांत शुभारंभ किया गया। सुबह 10 बजे से ही मरीज आने प्रारम्भ हो गए। 2 बजे तक लगभग 400 रजिस्ट्रेशन किये गए। शिविर में उपस्थित जनों को प्रसाद के रूप में खिचड़ी खिलवाई गयी तथा प्रभु हनुमान जी के मंदिर में भी खिचड़ी वितरित की गई। शिविर में विभिन्न चिकित्सकों द्वारा संबंधित रोग की जाँच निःशुल्क की गयी जिसमे, डॉ.अभिषेक मिश्र (दन्त रोग विशेषज्ञ) डॉ.रीतेश दुबे (जनरल सर्जन) डॉ.शानू अग्रवाल (स्त्री रोग विशेषज्ञ) डॉ.अनुराग खरे (हड्डी रोग विशेषज्ञ) डॉ.शेफाली गुप्ता (नेत्र रोग विशेषज्ञ) की विशेष उपस्तिथि थी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोकेश सचदेवा, श्रीमति श्रेहा खंडेलवाल, अखिलेश पुरवार, अमित तीर्थानी, राज सोनी, अंकित बिलैया, श्रीमती सुमन रजक, अरिजीत खरे, नीरज जसूजा, प्रशांत कुंटाकर, अरविंद दुबे, गौरव नागवानी, प्रदीप द्विवेदी, शंकर साधवानी, सुयश पुरवार, शैलेश पाठक, दीपक सोनी तुलसी गर्ग, रितिक सेन, अविनाश दुबे एवं अन्य स्थानीय जन उपस्थित हुए। शिविर में रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया आदित्य तिवारी, संतोष गोपी कंदेले, श्रीमति मंजू शर्मा, श्रीमति मोनिका दुबे एवं कृष्णा सोनी द्वारा की गई।





यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

मरीज की सुरक्षा पहली प्राथमिकता



एडवांस्ड
सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
32-96 स्लाइस की अति आधुनिक 2021 मॉडल की मशीन परंपरागत सीटी मशीन की तुलना में रेडिएशन के दुष्प्रभाव से बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है।
क्योंकि इसमें है विश्वस्तरीय टिन टेक्नॉलाजी एवं आर्टीफिशियल इन्टेलीजेन्स
समय के साथ विश्व स्तर पर विस्तृत हो रही टेक्नॉलाजी को अपनाएं एवं बेहतर सुरक्षा के साथ बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक चौदहा की क्लीनिक के सामने
9893723087,8319994375, 8103404843 फोन 07622-494511

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 8 शो ता. 25 से दोपहर 12.45, 1.15, 3.45, 4.15, 6.45, 7.15, 9.30 एवं रात्रि 10 बजे से




उसे अपने देश को ही धर्म मान लिया या देश की रक्षा को ही अपना धरम
कलाकार- शाहरूख खान, दीपिका पादुकोण, जॉन अब्राहम, आशुतोष राणा आदि।
पठान
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

TICKET RATES

| | | | |
|---|---|---|---|
| DIAMOND CLASS | 300/- | PLATINUM CLASS | 250/- |
| GOLD CLASS | 200/- | SILVER CLASS | 150/- |


# विकास यात्रा में भाजपा को टेंशन दे रही सीवर लाइन

## एसएलटीसी से मिली स्वीकृति, अब एमआइसी में अटका काम



**कटनी, यशभारत।** भाजपा सरकार जहां एक ओर विकाय यात्राओं के जरिए लोगों को लाभांवित करने के प्रयास के साथ विकास की उपलब्धियों को लेकर जनता के पास जा रही है लेकिन कटनी नगर निगम में एक अपूर्ण योजना भाजपा का टेंशन दे रही है। यह है सीवर लाइन। सीवर लाइन का प्राजेक्टर पूरा नहीं हो पाने से इसके लाभ तो दूर शहर में कई स्थानों पर सड़कों की बरबादी से लोग खासे परेशान हैं। अब एक और खबर भाजपा को टेंशन दे रही है कि इस योजना को पूरा करने के लिए कंपनी ने पल्ला झाड़ लिया है। शहर में सीवर लाइन प्रोजेक्ट डेढ़ साल से बंद पड़ा है। सीवर लाइन प्रोजेक्ट 2017 में शुरू हुआ था, जिसे दो साल में पूरा हो जाना था, लेकिन पांच साल बाद भी पूरा नहीं हो पाया है। शहर में गंदे पानी व मल जल की निकासी की समस्या से शहर परेशान है। ठेकेदार काम अधूरा छोड़कर भाग गया है। नगर निगम ने ठेकेदारको ब्लैक लिस्टेड करने की औपचारिकता मई माह में कर ली थी, लेकिन अभी तक नया टेंडर स्वीकृत कराकर वर्क ऑर्डर जारी करते हुए सीवर लाइन प्रोजेक्ट का काम शुरू नहीं करा पाया है, जिसका दंश शहर की जनता भुगत रही है। शहर में ड्रेनेज सिस्टम, पेयजल सप्लाई, सीवर लाइन के पानी की ट्रीटमेंट करने के लिए अमृत योजना के तहत फरवरी 2017 में सीवर लाइन का काम शुरू किया गया। 2018 में कार्य ने गति पकड़ी और सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को 2019 में पूरा किया जाना था। इसका ठेका हरियाणा की कंपनी केके स्पन को दिया गया। कंपनी ने इस योजना को पलीता लगाकर रख दिया। समय बढ़ाकर मार्च 22 की मियाद दी गई, इसके बाद भी ठेकेदार ने काम पूरा नहीं किया। जहां भी काम हुआ वह गुणवत्ताविहीन है। इसका दंश शहर की जनता भुगत रही है। लापरवाही पर नगर निगम ने ठेकेदार को सिर्फ टर्मिनेट करने की ही औपचारिकता की है।

### इस हाल में है सीवर लाइन प्रोजेक्ट

शहर में केके स्पन कंपनी को 277 किलोमीटर की सीवर लाइन डालनी थी। तीन एसटीपी (सीवर लाइन ट्रीटमेंट प्लांट) बनाते हुए शहर का ड्रेनेज सिस्टम ठीक करना था। पुराने ठेकेदार ने मात्र 134 किलोमीटर ही सीवर लाइन लाइन डाली। जगह-जगह टूट रहे पाइप, सड़क धंस गई, कई जगह पर सड़क उधड़ी पड़ी है। 9 हजार 140 हाउस चेम्बर में से महज 3553 ही बन पाए हैं। 144 किलोमीटर की सीवर लाइन डलना शेष है। माधवनगर, कटोघाट मार्ग व कुठला में एसटीपी प्लांट बनाना, जो बदहाल पड़े हैं। निर्माण के नाम पर सिर्फ गड्ढे करके ठेकेदार ने छोड़ दिए हैं।

### नौ माह बाद भी नहीं शुरू हुई प्रक्रिया

शुरुआती दौरी से ही ठेकेदार ने कार्य में लापरवाही की हैं। 25 मई 2022 को केके स्पन कंपनी को समय पर काम न करने पर टर्मिनेट कर दिया गया था। ठेकेदार को 35 करोड़ रुपए का भुगतान भी किया जा चुका है। कंपनी ने घटिया काम किया, जगह-जगह लाइन धंस रही है। पूर्व में भी कई गंभीर गड़बडि़या उजागर हुईं, लेकिन नगर निगम ने गुणवत्ताविहीन कार्य कहीं नहीं माना, क्योंकि इसमें नगर निगम के अधिकारियों की भी गर्दन फंसने वाली थी। हैरानी की बात तो यह है कि नौ माह से अधिक का समय बीत गया है और अभी तक सीवर लाइन के काम की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई।



## जिला अस्पताल में सिक्यूरिटी गार्ड और मरीज के बीच मारपीट का वीडियो वायरल

**कटनी, यशभारत।** जिला अस्पताल में सेक्युरिटी गार्ड की गुंडागर्दी देखने को मिली है। जहां सेक्युरिटी गार्ड मरीज और उनके परिजनों से गाली गलौच करते हुए मारपीट कर दी। इस मामले का वीडियो भी सामने आया है।

कटनी जिला अस्पताल के प्रसूता वार्ड में सेक्युरिटी गार्ड की गुंडागर्दी सामने आई है। अस्पताल के नए भवन प्रसूता वार्ड में ड्यूटी पर लगे सेक्युरिटी गार्ड स्टाफ की भारी गुंडागर्दी फैली हुई है। गार्ड मरीजों और उनके परिजनों से गाली गलौच और सरेआम मारपीट करते नजर आ रहे है। महिला को महिला स्टाफ ने ऐसा मारा कि वह बेहोश हो गई। इस तरह की गुंडागर्दी से मरीजों और उनके परिजनों में दहशत का माहौल बना हुआ है। विवाद किस बात को लेकर हुआ इसका कारण फिलहाल अज्ञात है। लोगों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं अक्सर ऐसी घटनाएं घटती रहती हैं।

नाम सुधार

मैं सुमित कुमार मसीह आयु 36 वर्ष आत्मज स्व. शनि मसीह नया गांव लखेरा विवेकानंद वार्ड कटनी का निवासी हूं। पूर्व में मुझे सुमित मसीह के नाम से जाना जाता था। मेरे पासपोर्ट क्रमांक (J9949328) में यही नाम दर्ज था तथा आधार कार्ड क्रमांक 842800095675 में सुमित कुमार मसीह दर्ज है। मुझे अब नये पासपोर्ट की आवश्यकता है। अतः सूचित किया जा रहा है कि मुझे सुमित कुमार मसीह के नाम से जाना एवं पहचाना जाए तथा इसी नाम से नया पासपोर्ट जारी किया जाए। सूचना दाता- सुमित कुमार मसीह



डॉ.दीपक सक्सेना



डॉ.शोभना सक्सेना

SHRI HOSPITAL KATNI



विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. शोभित प्यासी
बी.डी.एस./एम.डी.एस.
रूट कैनाल विशेषज्ञ
डॉ. उपासना स्थापक
बी.डी.एस./एम.डी.एस.
पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ
संपर्क करें- श्री हॉस्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड बरगवां, कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316

प्लाट बिकाऊ हैं
शांतिनगर, बारह बंगला, राय कॉलोनी एवं समदड़िया सिटी के पास हर साइज के प्लाट उपलब्ध हैं।
दर- 1000/- से 1200/- प्रति वर्गफुट
अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें -
मो. 9993705740




NOW OPEN
City Mall - Katni



यश भारत

# सिटी न्यूज

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

कटनी, सोमवार, 06 फरवरी 2023

# निरस्त किये पट्टे पर कब्जा लेने से घबरा रहा विभाग

## नोटिस के बाद 15 दिन का समय बीता: पट्टा किसी और के नाम, काबिज कोई और



**कटनी,यशभारत।** उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर की पुनर्वास भूमि के निरस्त किये गए पट्टे के मामले में जिला कलेक्टर अविप्रसाद की ततपरता की से करोड़ों की बेशकीमती भूमि को मुक्त कर कब्जे में लिए जाने के आदेश एक बार पुनः जारी हुए है। जानकारी के मुताविक प्रकरण क्रमांक 0035/121/14-15 के आदेश पर बिगत पांच बर्षो से चली आ रही लंबित कार्यवाही मीडिया की सुखियों बनने के उपरांत कलेक्टर ने ऊक्त मामले का संज्ञान में लेते हुए स्वमं के मार्गदर्शन में नजूल विभाग कों सम्पूर्ण प्रकरण की जांच के आदेश दिए थे। कलेक्टर के आदेश के बाद राजस्व मामले से जुड़े अधिकारी कर्मचारियों को होश फाख्ता हो गए । सूत्रों के अनुसार इस मामले में एक अधिकारी का तबादला भी किया और प्रकरण की जांच अन्य अधिकारी को सौपी गई। तदपरांत नजूल ध्पुर्नवास तहसीलदार द्वारा सम्पूर्ण प्रकरण पर पुनः सूक्ष्मता से जांच कर संबंधितों को नोटिस जारी कर विधि अनुसार जबाब प्राप्त कर विगत 24 जनवरी 2023 को आदेश पारित करते हुए कब्जे धारी को जा.क्र. 20 दिनांक 24/01/2023 को बेदखली आदेश पारित किया और तीन दिवस के अंदर ऊक्त भवन को रिक्त कर राजस्व निरीक्षक कुंजीलाल प्रजापति को कब्जा सौपे जाने के निर्देश दिए थे परंतु एक बार पुनः इस मामले में राजस्व अमला टालमटोल करता नजर आ रहा है ।सूत्रो के मुताविक नजूल से जुड़े अधिकारियों द्वारा रकम डकार कर मामले को खींचा जा रहा है ताकि अवैध कब्जा धारी हाईकोर्ट कोर्ट की शरण ले सके । जबकि ऐसा ही आदेश 2017-18 में भी जारी हुआ था तब से मामला लिंगाराम की तर्ज पर चल रहा है नए कलेक्टर के आने के बाद पुनः मामला सुर्खियों में आया आदेश भी जारी हुए लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है । जबकि आदेश में कहा गया है कि समय अवधि के पश्चात बल पूर्वक कब्जा प्राप्ति की कार्यवाही की जावेगी। इस संबंध में जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी, आयुक्त नगर निगम के साथ थाना प्रभारी को भी विभाग द्वारा जानकारी प्रेषित की गई है। आदेश के बाबजूद भी अतिक्रमणकर्ता सुशील कुमार उध्वानी ने ऊक्त अभी तक अतिक्रमण नही हटाया है। न्यायलयीन आदेश की अवहेलना खुलेआम अपना व्यवसाय कर रहे है। 24 जनवरी को आदेश जारी करने का बाबजूद अभी तक ऊक्त भमि को अधिपत्य में लेने की कार्यवाही नही की जा रही जिससे एक बार फिर राजस्व विभाग की भूमिका संदिग्ध लग रही है।

### इस मामले में स्थानांतरित भी हो चुका एक अधिकारी

### मूल पट्टेधारी ने कहा

वहीं इस पूरे मामले में मूल पट्टे धारी ने नजूल विभाग के द्वारा दिये नोटिस के बाद अपने लिखित जबाब में स्पस्ट किया है की सीट क्रमांक 8 के प्लॉट क्रमांक 308/309 के प्रकरण में न्यायालय ने पूर्व में ही मेरे दोनो पट्टो को निरस्त कर दिया था। उसी समय से उपरोक्त भूमि शासन की हो गई थी। अब मैं इस संबंध में अपने पक्ष में कोई कार्यवाही नही चाहता हूँ। मेरी उम्र 82 बर्ष की हो चुकी है मैं मुकदमा लड़ने की स्थिति में भी नही हूँ। शासन ऊक्त 3600 बर्गफुट भूमि अपने अधिपत्य में ले ले मुझे उस पर कोई आपत्ति नही है।

### यात्री प्रतिक्षालय के पास मिले अज्ञात शव की जांच, सागर भेजा गया बिसरा

# दो बार जहर पीकर मौत की कोशिश कर चुका था युवक

यश भारत फॉलोअप

**कटनी,यशभारत।** कैलवारा कलॉ यात्री प्रतिक्षालय के पास मिले शव के संबंध में रोशन नगर निवासी राजू जायसवाल की बहन ने भाई की हत्या का आरोप लगाकर जाँच की मांग की थी।

इस घटना को कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा संज्ञान में लेते हुए थाना प्रभारी थाना कुठला को निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी कुठला ने बताया कि प्रकरण के संबंध मे 05 जून 2022 को सूचना प्राप्त हुई की एक अज्ञात व्यक्ति का शव कैलवारा कलॉ यात्री प्रतिक्षालय के पास पड़ा है जो सूचना पर उ.नि किशोर कुमार द्विवेदी मौके पर उपस्थित हुए बाद मृतक के शव के पास मिले मोबाईल को समक्ष गवाहन के चालू करने मृतक के परिजनों को सूचना दी गई मृतक की पहचान आशीष ऊर्फराजू जायसवाल उम्र 34 निवासी रोशन नगर थाना एनकेजे के रूप में हुई। बाद मृतक के परिजनों के उपस्थित होने पर मृतक के शव की पंचनामा कार्यवाही की गई पंचनामा कार्यवाही उपरांत मृतक के शव का पीएम शासकीय अस्पताल कटनी से करवाया गया जो पीएम कर्ता डॉ. आरती सौंधिया के द्वारा पीएम रिपोर्ट में मृतक के शरीर पर बाहरी एवं भीतरी कोई चोट को नहीं होना पाया गया व मृत्यु का कारण स्पष्ट न होने से मृतक का विसरा प्रिजर्व किया गया।

मृतक के विसरा को परीक्षण हेतु एफएसएल सागर भेजा गया। मृतक की पत्नी रीता एवं बहन एकता जायसवाल द्वारा मृत्यु के संबंध में कोई जानकारी नहीं बताया गया मृतक आशीष के द्वारा पूर्व में भी अज्ञात कारणों से दो बार जहर का सेवन किया गया था। शव पंचनामा कार्यवाही के दौरान मृतक के शव के पास मिले मोबाईल की सीडीआर को प्राप्त कर अवलोकन किया गया जो अवलोकन पर कोई साक्ष्य या संदेह का होना नहीं पाया गया।

# अस्पताल में मेडिकल वेस्ट का नियमानुसार निस्तारण

**कटनी,यशभारत।** मेडिकल वेस्ट से बीमारी फैलने का खतराए अस्पताल प्रबंधन बेपरवाह की जानकारी प्राप्त हुई कलेक्टर कटनी द्वारा संज्ञान में लेते हुए कार्यालय सिविल सर्जन कटनी को निर्देशित किया गया। जिसके संबंध में सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय द्वारा अवगत कराया गया कि जिला चिकित्सालय कटनी में निकलने वाले मेडिकल वेस्ट का नियमानुसार निस्तारण किया जा रहा है। बीएमडव्ल्यू का निस्तारण अलग से इलाइट इंडस्ट्री जबलपुर के माध्यम से एक दिन छोड़कर किया जाता है व इसका भण्डारण ताले के अंदर किया जाता है। सामान्य कचरा शवगृह के पीछे रखा जाता है एवं सामान्य कचरा बीएमडव्ल्यू से मिल न जाये, इसकी सावधानी रखी जाती है। गलती से लाल या पीले थैले में सामान्य कचरा न फिके इसके निर्देश पुनः जारी किये गये है।

# पुलिस ने जब्त की शराब

**कटनी।** अलग-अलग थाना क्षेत्र में दबिश देकर पुलिस ने शराब जब्त की है। जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने खिरहनी फाटक वेंकट वार्ड में सूरज निषाद को 20 पाव देशी शराब सहित पकड़ा है। एनकेजे पुलिस ने ग्राम हिरवारा रोड किनारे कृपाली चौधरी को दो लीटर शराब सहित व विजयराघवगढ़ पुलिस ने ग्राम बम्हौरी में नन्दू बर्मन को 5 लीटर शराब सहित पकड़ा है। कैमोर पुलिस ने सलैया कौहारी में सुजीत कुमार पटेल को 20 पाव शराब सहित पकड़ा है।



# पुरुषोत्तम गौतम बने श्रीराम जानकी हनुमान मंदिर के अध्यक्ष

**कटनी,यशभारत।** श्रीराम जानकी हनुमान मंदिर समिति रोशन नगर के सदस्यों द्वारा आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी सदस्यों द्वारा निवर्तमान अध्यक्ष राजेंद्र सिंह भदौरिया के कार्यकाल पूर्ण हो जाने पर नए अध्यक्ष के चुनाव का प्रस्ताव रखा गया। उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से सेवानिवृत्त शिक्षक पंडित पुरुषोत्तम गौतम को श्रीराम जानकी हनुमान मंदिर समिति रोशन नगर का अध्यक्ष चुना गया। श्रीराम जानकी हनुमान मंदिर समिति के पुजारी पंडित राजाराम त्रिपाठी व निवर्तमान समिति अध्यक्ष राजेंद्र सिंह भदौरिया द्वारा नवनियुक्त समिति अध्यक्ष पंडित पुरुषोत्तम गौतम का माल्यार्पण और तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्रीराम जानकी हनुमान मंदिर समिति के संरक्षक मेवालाल शुक्ला, कामता प्रसाद चौबे, सूरजदीन सोनी, वामन राव करपते, रामलाल कुशवाहा, गोविंद आरख, राजेंद्र सिंह भदौरिया, पुजारी पंडित राजाराम त्रिपाठी, अशोक साहू, विजय साहू, दिनेश पांडे, विष्णु पाल, पूर्व पार्षद द्वय साक्षीगोपाल साहू, मनोज गुप्ता, एडवोकेट संतोष श्रीवास्तव एडवोकेट, शुभम प्यासी उपस्थित थे।

# सायना चैम्पियंस ट्रॉफी: इनकम टैक्स डिपार्टमेंट बनी विजेता

## शानदार प्रदर्शन करने वाले बल्लेबाज श्याम यादव मैन ऑफ द मैच



**कटनी,यशभारत।** सायना इंटरनेशनल क्रिकेट ग्राउंड पर खेली जा रही सायना चैम्पियंस ट्राफी 2023 के फाइनल मुकाबले में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट कटनी व कटनी टैक्स बार एसोसिएशन के मध्य निर्धारित 20-20 ओवरों का यह मैच खेला गया। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट कटनी ने सर्वप्रथम टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 157 रन बनाये। जीत के लिए 158 रनों के लक्ष्य दिया गया। वही बल्लेबाज श्याम यादव ने शानदार सलामी बल्लेबाज के रूप में शानदार शुरुआत करते हुए तेजतर्रार 80 रनों के योगदान दिया जिसके चलते टीम ने 20 ओवरों में पहाड़ जैसा लक्ष्य खड़ा कर दिया। इसके पश्चात दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी कटनी टैक्स बार एसोसिएशन की शुरुआत ठीक नही रही। उनके शुरुआती ओवरों में ही 5 विकेट जल्दी जल्दी अंतराल में गिरते गए और कोई भी बल्लेबाज टिककर नही खेल सके। 20 ओवरों में पूरी टीम 126 रन ही बना सकी। शानदार मुकाबले में समापन अवसर पर कटनी टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील शर्मा, उपाध्यक्ष संजय गुप्ता उपस्थित हुए। सभी खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। वहीं उपविजेता रही कटनी टेक्स बार एसोसिएशन की टीम को उपविजेता ट्राफी सायना इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य डॉण् आदित्य कुमार शर्मा द्वारा प्रदान की गई। इसी क्रम में विजेता टीम इनकम टैक्स डिपार्टमेंट कटनी को डॉ. राजेश कुमार प्राचार्य सायना इंटरनेशनल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज कटनी द्वारा विजेता ट्रॉफी भेंट की गई। इसके पश्चात मैच में शानदार आलराउंडर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी श्याम यादव जो कि बल्लेबाजी में 80 रन व गेंदबाजी में चार ओवर में 2 महत्वपूर्ण विकेट लेकर आज मैन ऑफद मैच का खिताब जीता। जिसमे जिला बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष श्री संजय गुप्ता द्वारा ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। आज के इस मैच की दोनों पारियों में अंपायर निखिल मेहता व अभिषेक रहे। कमेंट्रेटर शरद यादव व आराध्य के साथ स्कोरिंग में क्रिश ने योगदान दिया।

# आवश्यक दस्तावेजों के साथ आयुष्मान कार्ड में करा सकते हैं सुधार

**कटनी,यशभारत।** आयुष्मान योजना कार्ड के अंतर्गत नाम में अदला बदली होने से आ रही परेशानी के संबंध में कन्हवारा निवासी के कथन एवं जांच से संबंधित प्राप्त जानकारी को कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा संज्ञान में लेते हुए कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कटनी को निर्देशित किया गया। जिसके संबंध में जिला समन्वयक आयुष्मान भारत जिला




कटनी द्वारा अवगत कराया गया कि आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया एमपी ऑनलाइन द्वारा की जाती है। जिसमे छोटी मोटी गलतियाँ होने के आसार होते हैं। किसी भी व्यक्ति के आधार कार्ड एवं समग्र आई डी ( नाम ) उम्र, सरनेम में कोई भी गलती होती है तो आधार से लिंक होने की वजह से वह गलती आयुष्मान कार्ड में भी हो जाती है। उक्त गलती के सुधार हेतु आवादेक अपना आवेदन जिला नोडल अधिकारी आयुष्मान भारत जिला चिकित्सालय कटनी के नाम से प्रस्तुत कर अपनी शिकायत कर सकता है। जिससे उक्त व्यक्ति से शिकायत से सम्बंधित दस्तावेजो सहित आधार समग्र आई डी एवं आयुष्मान कार्ड आयुष्मान कार्यालय कटनी में उपस्थित होकर जमा करना एवं आयुष्मान कार्ड कैंसिल करवाकर अपना नया कार्ड बनवा सकता है। इस प्रक्रिया में लगभग 10-15 दिन लगते हैं । उक्त प्रकरण में सोहन मालवीय निवासी अमीरगंज कटनी के द्वारा कोई आवेदन एवं शिकायत नहीं की गई है। जैसे ही उनके द्वारा शिकायत एवं आवेदन आता है तो उसका तुरंत निराकरण किया जावेगा। पिछड़ा वर्ग होने के बाद भी नहीं बन पाया कार्ड के सम्बन्ध में जिला समन्वयक आयुष्मान भारत जिला कटनी द्वारा जानकारी दी गई कि जिनका 2011 सर्वे सूची में नाम दर्ज है सिर्फ उन्ही का आयुष्मान कार्ड बनाया जा सकता है। निजी अस्पताल कर रहे हैं मनमानी जरूरतमंद परेशान के सम्बन्ध में बताया गया कि किसी भी हितग्राही का ईलाज निजी अस्पताल में ओपीडी पर्ची कटने के बाद ही आयुष्मान से ईलाज होता है अगर कोई हॉस्पिटल आयुष्मान से अनुबंधित है तो आयुष्मान के अन्तर्गत बीमारियों का ईलाज फ्री में करना पड़ेगा और अगर अनुबंधित अस्पताल के द्वारा ईलाज या पैसे लेने की बात कही जाती है तो समस्त आयुष्मान कार्ड के पीछे शिकायत नंबर ( 14555 ) हैं शिकायतकर्ता फ्री हेल्पलाइन नम्बर 14555 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करवा सकते है जिससे तुरंत उस हॉस्पिटल पर कार्यवाही की जावेगी। सर्वर डाउन की सबसे बड़ी परेशानी के संबंध में अवगत कराया गया कि आयुष्मान भारत की सबसे बड़ी योजना है जिसमे 24 घंटे सर्वर व्यस्त होने के कारण सर्वर की परेशानी होती है। किंतु उचित समय पर शिकायत का निराकरण भी कर दिया जाता है।



# दयोदय पशु सेवा केंद्र में वृक्षारोपण

**कटनी,यशभारत।** कैलवारा झुरही के पास स्थित दयोदय पशु सेवा केंद्र में दिगम्बर जैन शोसल ग्रुप कटनी के कार्याध्यक्ष मगन जैन के संयोजन में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष संजय मीनू सिंघई, कोशाध्यक्ष बृजेश सीमा जैन के साथ स. सि. सुधीर जैन, सुभाष जैन, आलोक जैन, एडवोकेट सरद जैन पाटन, सतीश जैन, मुकेश अर्चना कोसल, गोल्डी मेघा सिंघई, अजित सिंघई, प्रमोद जैन, सुबोध सिंघई, श्याम गोधवानी एवं ग्रुप के सदस्यों द्वारा लगभग 40 वृक्षों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। ग्रुप के सचिव अनिल स्वाति अरिहंत द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया।

## रविदास मंदिर में पूजन



**कटनी,यशभारत।** ग्राम चाका में स्थित संत शिरोमणि श्री रविदास जी की जयंती के पावन पर्व पर साथियों सहित उपस्थित होकर श्री रविदास मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। जयंती समारोह कार्यक्रम का आयोजन आम आदमी पार्टी के एस सी प्रकोष्ठ के कटनी सह प्रभारी ग्राम पंच देवीदीन चौधरी व सहयोगी साथियों के तत्वाधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी के सुनील मिश्रा एडवोकेट, श्याम यादव, ऋषभ पटेल, मंगल कोल, प्रशांत पांडे, देवीदिन चौधरी, अजय चौधरी, रमेश चौधरी, सद्दू दहिया, कुलदीप सिंह आदि की उपस्थिति रही।

# संत शिरोमणि को किया याद



**कटनी,यशभारत।** जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग के कुशल मार्गदर्शन में स्थानीय जिला पंचायत कार्यालय में विभिन्न छात्रावासों के प्रभारियों एवं जिला पंचायत के कार्यालयीन कर्मचारी और अधिकारीयों द्वारा सामूहिक रूप से संत रविदास जयन्ती का कार्यक्रम समारोह पूर्वक आयोजित कर संत शिरोमणि को याद किया गया। संत जी की स्मृति को तरोताजा करने के मकसद से उनके सम्मान में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता दिव्यांग कल्याण एसोसियेशन के प्रांतीय संयोजक मार्तण्ड सिंह राजपूत ने की। इसअवसर पर सभी उपस्थित अधिकारी कर्मचारी गणों द्वारा संत जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर दीप प्रज्जवलित कर उनका मान सम्मान द्विगुणित किया गया। संत के आदर्शो को जीवन में उतारने और उनकेबताये रास्ते पर चलने की संकल्पना को लेकर कृत संकल्पित उपस्थित जनों ने इस गौरवपूर्ण क्षण में संत शिरोमणि की जयन्ती को यादगार और उसमें मिठास भरने के लिये सभी का मुंह मीठा कर संतजी के जीवन के महत्व पूर्ण पहलुओं को आपस में साझा किये। इस अवसर पर छात्रावास वार्डन एके मेहरा, सुभाष झरियाएसंतोष त्रिपाठी, मार्तण्ड सिंह राजपूत, हेमलता बैरागी, साधना त्रिपाठी, मायाराज सहित जिला पंचायत के स्टेनो उमेश सोनी, परियोजना अधिकारी सूरज शर्मा, जिला आडिटर धनराज चौधरी, क्वालटी मानीटर दुर्गेश नन्दन पगारे, सचिन चौधरी, कामता प्रसाद चौधरी, सरजू भुमिया, बख्त सिंह की उपस्थिति रही।

# बस स्टेंण्ड में सीमेंट कांक्रीट का पार्किंग स्थल

**कटनी,यशभारत।** कटनी बस स्टैंड मे 34 लाख में बननी थी सीसी ग्रेड बन गया सिर्फ प्लेट फार्म की जानकारी प्राप्त होने पर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जानकारी को संज्ञान में लेते हुए कार्यालय नगरपालिक निगम जिला कटनी को निर्देशित किया गया। जिसके संबंध में सहायक यंत्री द्वारा जानकारी दी गई कि शिकायत के संबंध में स्थल का निरीक्षण किया गया। स्थल पर नगर निगम व्दारा सीमेंट कांकीट का पार्किंग स्थल बनाया गया है। पूर्व में उक्त स्थल कच्चा होने के कारण काफी कीचड एवं गंदगी होती थी, जिसे स्वास्थ्य विभाग से सफाई कार्य कराते हुये सीमेंट कांकीट का कार्य कराया गया है।

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners

CINEWORLDZ CINEMA KATNI

From 03rd February 2022

Cineworldz Cinema Katni by CMW
Schedule for the week 03 to 09 Feb,2023

| Audi-01 | Show | Rate |
|---|---|---|
| PATHAAN 2D HINDI | 1.00.00 PM | 120-140-160-250 |
| PATHAAN 2D HINDI | 4.00.00 PM | 120-140-160-250 |
| PATHAAN 2D HINDI | 7.00.00 PM | 120-140-160-250 |
| PATHAAN 2D HINDI | 10.00.00 PM | 150-180-200-300 |
| Audi-02 | Show | |
| PATHAAN 2D HINDI | 12.00.00 PM | 120-140-160-250 |
| PATHAAN 2D HINDI | 3.00.00 PM | 120-140-160-250 |
| PATHAAN 2D HINDI | 6.00.00 PM | 120-140-160-250 |
| PATHAAN 2D HINDI | 9.00.00 PM | 150-180-200-300 |
| Audi-03 | Show | |
| PATHAAN 2D HINDI | 12.30.00 PM | 120-150-150 |
| PATHAAN 2D HINDI | 3.30.00 PM | 120-150-150 |
| PATHAAN 2D HINDI | 6.30.00 PM | 120-150-150 |
| PATHAAN 2D HINDI | 9.30.00 PM | 140-180-180 |

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

सस्ती सुंदर 125/- में सिंगल बेड
पता- होटल गणपति प्लाजा
लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास वाली गली कमानियागेट कटनी,
मो. नं. 7389565610
(एसी रूम उपलब्ध है)



## भिंड से सीएम शिवराज सिंह ने शुरू की विकास यात्रा

# 397 करोड़ रुपये की 121 योजनाओं का लोकार्पण

**भोपाल, यशभारत। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भिंड से विकास यात्रा की शुरुआत की। मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के संभाग स्तरीय कार्यक्रम में के दौरान उन्होंने यहां करीब 397 करोड़ की 121 योजनाओं का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया। वहीं, उन्होंने आने वाले समय में दो अहम योजनाओं की घोषणा भी की। इसके अलावा भिंड को सौग़ात देते हुए मुख्यमंत्री ने मंच से जिले में मेडिकल कॉलेज स्वीकृत करने के साथ ही लंबे समय से चली आ रही नगर निगम बनाए जाने की मांग को भी स्वीकार कर लिया।**

मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के अंतर्गत भिंड जिला मुख्यालय पर एमजेएस ग्राउंड में चंबल संभाग का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुखिया श्रूरू शिवराज सिंह चौहान ने शिरकत की।



कार्यक्रम की शुरुआत कन्या पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ की गई। वहीं, मंच पर पहुंचे सीएम ने अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि चंबल संभाग में ऐसे अभियान के तहत 38 योजनाओं में करीब तीन लाख 77 हजार लोगों को लाभ मिला है जिसके स्वीकृति पत्र आज वितरित किए जा रहे हैं।

### महिलाओं के खाते में प्रति माह डाले जाएंगे 1000 रुपए

सीएम ने संबोधन के दौरान मंच से लाड़ली लक्ष्मी योजना की शुरुआत की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना के बाद अब बहनों के लिए मैंने लाड़ली बहना योजना तैयार की है। इसके तहत प्रति महीना एक हजार रुपये बहनों के खाते में डाले जाएंगे। यह योजना परिवार में अचानक पैसों की जरूरत को देखते हुए बनाई गई है। घर में दूध खत्म हो जाए, सब्ज़ी के लिए पैसों की जरूरत हो, बच्चे की फीस भरनी हो इसके लिए हर महीने अब एक हजार रुपये दिए जाएंगे।उन्होंने कहा कि इस योजना के लिए आने वाली आठ मार्च को महिला दिवस पर शुभारंभ करते हुए फार्म भरने शुरू होंगे। ताकि प्रदेश की सभी बहनों को इसका लाभ मिल सके। इसके लिए सरकार को पांच साल में 60 हजार करोड़ रुपये की जरूरत होगी। हालांकि इस योजना में आठ लाख से कम आय वाले परिवारों को शामिल किया जाएगा। इनमें ऐसे परिवार जो आर्थिक रूप से मजबूत होंगे, जिनके पास पांच एकड़ जमीन, इनकम टैक्स भरने वाले परिवारों को इस योजना से दूर रखा जाएगा।

### मेडिकल कॉलेज और नगर निगम की सौगात

सीएम ने भिंड की जानता की मांग पर जिले में मेडिकल कॉलेज और भिंड को नगर निगम बनाए जाने की स्वीकृति की घोषणा कर दी। उन्होंने कहा कि जब मेडिकल कॉलेज बनता है तो सिर्फ कॉलेज नहीं बल्कि अस्पताल में सुविधाओं का विस्तार होता है, लोगों को बीमारियों के इलाज की बेहतर व्यवस्थाएं मिलती हैं।वहीं, नगर निगम बनाए जाने को लेकर भी श्रूने मंच से कहा कि भिंड की आबादी के अनुसार यहां अब नगर निगम बनाया जाना चाहिए। जल्द ही अधिकारी इससे संबंधित दस्तावेज़ तैयार करें।मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कार्यक्रम समाप्ति पर विकास यात्रा के पांच रथों को मंच से ही हरी झंडी दिखाई। साथ ही लोगों से अपील की कि शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए ऐसे हितग्राही जो लाभ से वंचित रह गए हैं या जिन्हें सरकारी योजनाओं के अलावा बंटवारे और अन्य तरह की समस्याएं आ रही हैं, वे इन विकास यात्राओं में शामिल जरूर हों।



# भोपाल में मिला हिमालय में रहने वाला दुर्लभ फायर कैप्ट टिट

**भोपाल यशभारत।** भोपाल में इस बार हुई शीतकालीन पक्षी गणना में दुर्लभ पक्षी फायर कैप्ड टिट (रक्तसिर चिचिलकोटे) को चिह्नित किया गया। हिमालय के तराई क्षेत्रों में रहने वाला यह पक्षी 10 सेंटीमीटर का होता है, जो ठंड के दौरान प्रवास पर रहता है।आमतौर पर यह 1800 से 2600 मीटर की ऊंचाई पर अपना घोंसला बनाते हैं। सिर पर लाल निशान के कारण इसे फायर कैप्ड टिट कहा जाता है। इसके अलावा इस बार की गणना में संकटग्रस्त प्रजातियों में सारस क्रेन, पेंटेड स्टार्क, ओरिएंटल डार्टर, अलेक्सेंड्रिन पैराकीट, ब्लैक हेडेड आइबिस भी मिले हैं।वता दें कि शीतकाल में स्थानीय प्रजातियों सहित यूरोप और हिमालय के तराई क्षेत्रों में प्रवास करने वाले 155 प्रजाति के 30 हजार से भी ज्यादा पक्षी भोपाल पहुंचे हैं। यह पक्षी मुख्य रूप से रामसर साइट बड़ा तालाब के आसपास के संरक्षित क्षेत्र में अपना डेरा डाले हुए हैं और ग्रीष्मकाल के पूर्व तक रुकते हैं। मध्य प्रदेश राज्य वेटलैंड अथारिटी, वन विहार राष्ट्रीय उद्यान और वीएनएस नेचर सेवियर्स के सहयोग से चौथी भोज वेटलैंड शीतकालीन पक्षी गणना का रविवार को समापन हुआ। डा. संगीता राजगीर, मो. खालिक, डा. विपिन धोटे, कृताली चिंदरकर, अंकित मालवीय मुख्य रूप से गणना में शामिल रहे। अंतिम दिन राजभवन के विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी अरविंद पुरोहित ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस बार के पांच चरणों में आयोजित पक्षी गणना कार्यक्रम में मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, बिहार, केरल, असम और कर्नाटक के 210 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। रेड क्रेस्टेड पोचार्ड, कामन पोचार्ड, रेड नेपड आइबिस, नार्थर्न शोवलर, कामन टील, ब्लैक हेडेड बंटिंग, रेड हेडेड बंटिंग, ब्रह्मिनी शेल्डक, ब्लू थ्रोट, लैसर वाइट थ्रोट, ग्रीन सैंडपीपर, ब्राउन हेडेड गल्ल, ब्लैक हेडेड गल्ल, पर्पल हेरान, लार्ज कोर्मोरेंट, साइबेरियन स्टोन चैट, कामन चिफचैफ, यूरेशियन कूट, स्पाट बिल डक, लैसर व्हिस्लिंग डक, ग्लासी आइबिस, रेड स्टार्ट, कामन स्निप, यूरेशियन रायनेक, ग्रे लेग गूस, इंडियन थिकनी आदि। पक्षी विशेषज्ञ मोहम्मद खालिक ने बताया कि फायर कैप्ट टिट का रहवास मूल रूप से हिमालय की श्रृंखलाओं पर होता है। ग्रीष्म काल में यह समुद्री तल से 1800 से 2600 मीटर की ऊंचाई पर अपने घोंसले तैयार करता है और उसी दौरान प्रजनन भी करता है।



# भोपाल में पुरानी पेंशन बहाल करने कर्मचारियों को प्रदर्शन

**भोपाल , ईएमएस। कांग्रेस शासित राज्यों में पुरानी पेंशन स्कीम लागू होने के बाद मध्य प्रदेश में भी मांग तेज होती जा रही हैं। रविवार को भोपाल के भेल दशहरा मैदान पर नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम संगठन के बैनर तले कर्मचारी संगठन पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने के लिए एकजुट हुए।**

इसमें प्रदेश सरकार को पुरानी पेंशन बाहल करने के लिए एक माह का अल्टीमेटम दिया है। इसके बाद कर्मचारियों ने दिल्ली तक धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी हैं। पदाधिकारियों ने कहा कि हम सरकार बदलने का काम करेंगे। नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बंधु ने कहा कि सरकार एक माह के अंदर पुरानी पेंशन स्कीम को लागू करने का निर्णय लें। यदि सरकार इस समय सीमा में निर्णय नहीं ले पाती है तो फिर कर्मचारी अपना काम करेंगे। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष परमानंद डेहरिया ने कहा कि हमारी एक ही मांग है कि नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना के साथ पुरानी पेंशन बहाल की जाए। हम 2017 से इसकी मांग करते आ रहे हैं। लेकिन अब तक सरकार ने इस तरफ कोई कार्रवाई नहीं की है। गांधीवादी तरीके से हम अपनी आवाज उठाते रहेंगे और हमें उम्मीद है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान इसे जरूर लागू करेंगे। भेल दशहरा मैदान पर प्रदेश भर के 25 संगठनों से जुड़े कर्मचारी एकजुट हुए। इस अवसर पर कांग्रेस विधायक और पीसी शर्मा भी प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे। उन्होंने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अर्धसैनिक बलों को सबसे पहले पुरानी पेंशन का लाभ मिलना चाहिए। शर्मा ने कहा कि इस मुद्दे पर कर्मचारी एकजुट हो जाए। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम लिखे पत्र में कर्मचारी संगठनों ने मांग की है कि भारत सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों अधिकारियों के लिए लागू केंद्रीय सिविल सेवा पेंशन नियम 1972 ओल्ड पेंशन स्कीम को खत्म कर 1 जनवरी 2004 के बाद सरकारी सेवा में नियुक्त केंद्रीय कर्मचारियों, अधिकारियों पर नेशनल पेंशन स्कीम एनपीएस लागू की है। जो पूरी तरह शेयर बाजार पर आधारित, जोखिम भरा और असुरक्षित है। जिसमें निश्चित पेंशन व परिवार पेंशन नहीं है।

### सरकार को निर्णय लेने एक माह अल्टीमेटम

# डूब क्षेत्र के बदले वनीकरण के लिए वन विभाग को दी 5,483 हेक्टेयर भूमि

**भोपाल,यशभारत।** उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र की प्यास बुझाने वाली बहुप्रतीक्षित केन-बेतवा लिंक परियोजना का काम एक कदम और आगे बढ़ा है। बांध के डूब क्षेत्र में आ रही भूमि के बदले 5,483 हेक्टेयर भूमि वन विभाग को सौंप दी है। यह पार्क के नजदीक की राजस्व भूमि है। जिसमें अभी 21 गांव हैं। पन्ना और छतरपुर जिलों की इस भूमि का वन विभाग के नाम पर नामांतरण कराया जाएगा और फिर पौधा रोपण की योजना तैयार की जाएगी। इसके साथ ही दौधन बांध के निर्माण को लेकर वन विभाग की अनुमति मिलने का रास्ता भी साफ हो गया है। परियोजना में पन्ना टाइगर रिजर्व की छह हजार 17 हेक्टेयर भूमि डूब रही है। इसमें 4141 हेक्टेयर भूमि कोर एरिया की है। ऐसे में पार्क के वन्यप्राणियों को दूसरे स्थान पर सुरक्षित बसाने के लिए कोर एरिया को विस्तार देने की योजना है। इसके लिए पार्क से सटे 21 गांवों को विस्थापित किया जाएगा। इनमें सात गांव पन्ना और 14 गांव छतरपुर जिले के हैं। दोनों जिलों के कलेक्टरों ने इन गांवों की संपत्ति का सर्वे पूरा कर रिपोर्ट सौंप दी है और जल संसाधन विभाग ने वन विभाग को भूमि सौंपने की औपचारिकता भी पूरी कर दी है। अब भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआइआइ) लैंडस्केप मैनेजमेंट प्लान बनाएगा। जिसमें तय होगा कि हाल ही में मिली भूमि पर कहां, कितने और किस प्रजाति के पौधे रोपे जाएंगे।

### पौधारोपण के लिए राशि भी मिलेगी

जल संसाधन विभाग इस भूमि पर पौधारोपण के लिए पहले ही तीन सौ करो? रुपये दे चुका है। लैंडस्केप मैनेजमेंट प्लान आने के बाद पता चलेगा कि कितनी राशि की और जरूरत है। अंतर की राशि मिलने के बाद वन विभाग परियोजना की अनुमति देगा। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय की देखरेख में परियोजना पूरी होगी।

# मध्य प्रदेश में वर्ष 2025 में शुरू होंगे छह मेडिकल कालेज

### बढ़ेंगी एमबीबीएस की 900 सीटें

**भोपाल यशभारत।** मध्य प्रदेश में वर्ष 2025 से छह नए मेडिकल कालेज शुरू करने की तैयारी है। इन कालेजों में एमबीबीएस में प्रवेश की स्वीकृति के लिए चिकित्सा शिक्षा संचालनालय की ओर से जुलाई, 2024 में राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) को आवेदन किया जाएगा। यहां से स्वीकृति मिली तो सभी कालेजों में मिलाकर एमबीबीएस की 900 सीटें बढ़ जाएंगी। हर कालेज में 150 सीटें होंगी। इसके पहले वर्ष 2024 से सतना में मेडिकल कालेज शुरू करने की तैयारी है। इसके लिए एनएमसी को आवेदन किया जा चुका है। बता दें, केंद्र सरकार ने वर्ष 2020 में इन कालेजों को खोलने की अनुमति दी थी। हर कालेज के लिए 325 करोड़ रुपये का बजट है। इसमें 60 प्रतिशत राशि केंद्र और बाकी राज्य सरकार को मिलाना है। नए कालेज खोलने के लिए भवन बनाने की शुरुआत इसी वर्ष से होगी, जिससे अगले वर्ष दिसंबर तक यह पूरा हो सके। पहले 2023-24 यानी इसी सत्र से ही कालेज शुरू करने की तैयारी थी, पर कोरोना संक्रमण की वजह से भवन निर्माण समेत अन्य कार्यों में देरी हुई। भवन में अभी सिर्फ एमबीबीएस प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के बैठने की जगह चाहिए, इसलिए पूरा भवन नहीं बना तो भी दिक्कत नहीं आएगी। इन जिलों के जिला अस्पताल ही मेडिकल कालेज अस्पताल के तौर पर काम करेंगे।

# बीमार श्वान के इलाज में देरी पर भड़का युवक डाक्टर और कर्मचारियों से की अभद्रता




**भोपाल, यशभारत।** जहांगीराबाद के पशु चिकित्सालय में रविवार दोपहर में एक युवक ने डाक्टर और पशु चिकित्सालय के कर्मचारी से अभद्रता कर जान से मारने की धमकी दे दी। वह अपने बीमार श्वान को लेकर अस्पताल आया था और समय पर डाक्टर ने उपचार करना शुरू नहीं किया तो वह भड़क गया और डाक्टरों को गालियां देना शुरू कर दी। बाद में अस्पताल की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत कराया और डाक्टर की शिकायत पर शासकीय कार्य में बाधा और धमकी देने की प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तारी का नोटिस देकर उसे जाने दिया। यह राजधानी का पहला मामला है, जब इस तरह से श्वान के इलाज में डाक्टर से अभद्रता की गई है, जबकि पहले सामान्य अस्पतालों में ऐसे मामले आने आम बात है। जहांगीराबाद थाना पुलिस के मुताबिक हबीबगंज के श्याम नगर में रहने वाला रोहन यादव निजी काम करता है। उसके पास एक विदेशी नस्ल का श्वान है। वह कुछ दिनों से बीमार था, वह अपने साथियों के साथ उसे लेकर पुरानी जेल पहाड़ी के पास बने पशु चिकित्सालय लेकर गया था। जहां पर काफी भीड़ थी। डाक्टर को उसके श्वान का स्वास्थ्य परीक्षण करने में समय लग रहा था। इस पर रोहन को गुस्सा आ गया और उसने अस्पताल में हंगामा मचाना शुरू कर दिया। डाक्टर और बाकी अस्पताल के स्टाफ ने उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन रोहन नहीं रूका और उसने अस्पताल में सामान भी तोड़फोड़ कर दी और श्वान को भी अस्पताल स्टाफ पर काटने के लिए छोड़ने की कोशिश की। हंगामा होने पर अस्पताल से किसी ने पुलिस को सूचना दे दी।

# पेड़ से टकराकर नाले में गिरी कार, एमबीबीएस छात्र की मौत

**भोपाल यशभारत।** राजधानी के खजूरी सड़क थाना इलाके में एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से टकराने के बाद नाले में जा गिरी। कार में पानी भर जाने के कारण कार चालक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक इंदौर का रहने वाला था और भोपाल में रहकर एक निजी मेडिकल कालेज से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।खजूरी सड़क थाने के एसआइ ओंकार सिंह ने बताया कि 34 वर्षीय भवभूति मिश्रा पुत्र विनोद मिश्रा मूलत~निपानिया, इंदौर के रहने वाले थे। वह भोपाल स्थित चिरायु




मेडिकल कालेज में एमबीबीएस अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रहे थे। शनिवार सुबह वह इंदौर से अपनी कार से भोपाल आ रहे थे। जब वह ग्राम कोलूखेड़ी के पास से गुजर रहे थे, तभी टीआरआर होटल के सामने अचानक उनकी कार अनियंत्रित होकर पहले सड़क किनारे लगे पेड़ से टकराई। इसके बाद कार पलटकर नाले में चली गई। नाले में काफी पानी भरा हुआ था। कार का अगला हिस्सा पानी में पूरी तरह डूब गया था। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, लेकिन तक तक काफी देर हो चुकी थी। ट्रैक्टर से खींचकर कार को पानी से बाहर निकाला गया। भवभूति की पानी में दम घुट जाने के कारण मौत हो चुकी थी। पोस्टमार्टम के बाद युवक का शव स्वजन के सुपुर्द कर दिया गया। स्वजन शव लेकर वापस इंदौर के लिए रवाना हो गए।

# पिता की मौत के 9 माह बाद मप्र की बुसरा ने दौड़ में जीता गोल्ड, मुआवजे के पैसे से खरीदे थे स्पाइक

**भोपाल यशभारत। भोपाल में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022 में सीहोर की 18 वर्षीय बुसरा खान ने पिता की मौत के 9 माह बाद 3000 मीटर दौड़ में गोल्ड और 1500 मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल जीता है। बुशरा के परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं हैं।**




यहीं कारण है कि बुसरा को अपनी प्रैक्टिस के लिए मजबूरी में पिता की मौत के बाद मिले मुआवजे से स्पाइक खरीदने पड़े। उसने अपने पदक पिता को समर्पित किये। बुसरा खान का परिवार सीहोर में रहता हैं। उसके परिवार में मां शहनाज गौरी और दो छोटी बहनें 12 और 16 साल की हैं। बुसरा के पिता की मई 2022 में सीहोर में एक कैमिकल फैक्ट्री में ब्लॉस्ट होने से मौत हो गई थी। परिवार पिता के साथ फैक्ट्री में सर्वेंट क्वार्टर में रहता था, लेकिन हादसे के बाद परिवार को सीहोर में किराये के मकान में रहने आना पड़ा। बुसरा ने बताया कि वह भोपाल में एकेडमी में रहती है। उसका घर पिता की मौत के बाद मिले चार लाख रुपए मुआवजे से चल रहा है। वह भी अब खत्म हो रहा हैं। उसे नहीं पता कि आगे क्या होगा। उसका कहना है कि वह देश के लिए खेलकर पदक जीतना चाहती हैं।

### सरकार परिवार की मदद करें

बुसरा के कोच एसके प्रसाद ने बताया कि उसके परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत खराब हैं। हम लोग परिवार को राशन की थोड़ी बहुत मदद कर देते हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति के कारण वह मानसिक दबाव में रहती है। उसे सरकारी मदद की बहुत आवश्यकता हैं। हालांकि खेल मंत्री परिवार की मदद कर रही हैं।

### 11 साल की उम्र से शुरू की प्रैक्टिस

बुसरा ने बताया कि उसे बचपन से ही दौड़ने का शौक हैं। वह घर में खूब भागती दौड़ती थी। इसलिए उसकी मां उसे बचपन में रस्सी से बांध कर रखती थी। स्कूल में दौड़ की प्रतियोगिता में भाग लेने पर उसे टीचर्स ने स्पोर्ट्स में कैरियर बनाने को कहा। इसके बाद उसने 11 साल की उम्र में सीहोर में एकेडमी ज्वाइंन कर अभ्यास शुरू किया।

### सरकार से मदद की गुहार

बुसरा की सरकार से मांग है कि उसके परिवार को भी सरकार मकान बनाने के लिए जमीन और आर्थिक मदद उपलब्ध्ध करा दें। जिससे वह मानसिक दबाव के बिना खेल पर अपना ध्यान लगा सकें।

### बुसरा ने यह पदक जीतें

-2019 के नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 2000 मीटर 6 मिनट 24.71 सेकंड में दौड़ कर स्वर्ण जीता और बालिकाओं के अंडर-16 में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।-2021 में नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 1500 मीटर 4 मिनट 53 सेकंट में दौड़कर स्वर्ण जीता।- 2023 में खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2022 में भोपाल में 1500 मीटर 4 मिनट 44.39 सेकंड में दौड़ कर रजत पदक जीता। वहीं, 3000 मीटर 10 मिनट 4.29 सेकंड में दौड़कर स्वर्ण पदक जीता।

# नियम विरूद्ध श्रमिकों को प्रदेश के बाहर ले जाने वाले दलालों को नोटिस जारी

## चांदनखेड़ा के मजदूरों की घर वापसी के बाद प्रशासन ने उठाए सख्त कदम





**कटनी,यशभारत।** जिले में मनरेगा के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में किए जाने वाले विकास कार्य या तो आधी–अधूरी स्थिति में हैं या निर्माण कार्य प्रारंभ ही नहीं किए जा सके। अनेक पंचायतों में मनरेगा के तहत कार्यों में मजदूरी करने वाले मजदूरों का भुगतान भी नहीं हुआ, जिसके चलते ग्रामीण क्षेत्रों के खेतिहर श्रमिकों का मनरेगा से मोह भंग हो रहा है। आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों में भी काम की कमी है। जिसके चलते खेतिहर श्रमिकों की बेकारी और बेरोजगारी बढ़ती चली जा रही। यही कारण है कि खेतिहर श्रमिक मजदूरी के लिए दूसरे राज्यों की ओर रूख कर रहे। इन मजदूरों को कुछ दलाल बाहर अच्छी मजदूरी का लालच देकर ले जाते हैं और फिर उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया जाता है। कई जगह श्रमिक बंधक बना लिए जाते हैं। उन्हें कम मजदूरी देकर या बिना मजदूरी दिए ही उनसे काम कराया जाता है। इन्हें बाहर काम पर ले जाने वाले दलालों का इनसे कोई मतलब नहीं रहता। कुछ साल पहले प्रदेश सरकार द्वारा इस पर रोक लगाने के लिए नियम कानून बनाए थे। जिसके तहत बिना कलेक्टर की मंजूरी के श्रमिकों को बाहर काम पर नहीं ले जाया जा सकेगा। इन मजदूरों की जानकारी श्रम विभाग और कलेक्टर कार्यालय में दर्ज कराने के बाद ही श्रमिकों को जिले से बाहर ले जाया जा सकेगा। कानून बन जाने के बाद भी इस पर अमल नहीं हो रहा था।

पिछले कुछ महीनों में ऐसी अनेक घटनाएं सामने आईं हैं जब दूसरे प्रदेशों में फंसे मजदूरों को जिला प्रशासन की मदद से उनके गृह ग्राम वापस लाया गया है। ऐसे मामलों में जिला प्रशासन ने मजदूरों को उनके घर तक सुरक्षित पहुंचा तो दिया पर ज्यादा मजदूरी का लालच देकर उन्हें बाहर ले जाने वाले दलालों के खिलाफ कोई कार्रवाई देखने में नहीं आई। अब ऐसा पहली बार हुआ है जब मजदूरों को बाहर ले जाने वाले दलालों के विरूद्ध भी कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर श्रम पदाधिकारी ने बहोरीबंद के चांदनखेड़ा गांव के श्रमिकों को बाहर भेजने वाले अशोक गोविन्द आड़े व राजेन्द्र प्रसाद उपाध्याय को अंतर्राज्यीय प्रवासी कर्मकार अधिनियम का उल्लंघन किए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इस संबंध में जारी नोटिस मे कहा गया है कि अशोक गोविन्द आड़े व राजेन्द्र प्रसाद उपाध्याय द्वारा जिले के चांदनखेड़ा ग्राम के 22 श्रमिकों को 28 नवंबर को 1 माह पूर्व पहले महाराष्ट्र के बीड़ जिले के

### अधिनियम के तहत दोषी पाए गए तो मिलेगा एक साल का कारावास

ग्राम कुराणवाड़ी में गन्ना कटाई हेतु भेजा गयाए इस संबंध में श्रमिकों ने बताया कि उन्हे उनका परिश्रमिक भी नहीं दिया गया। साथ ही कार्य के घंटे भी निर्धारित नहीं थे। जो अंतर्राज्यीय प्रवासी कर्मकार अधिनियम 1979 का उल्लंघन है। साथ ही जारी नोटिस में बिन्दुवार उल्लेखित किया गया है कि अधिनियम के अंतर्गत अशोक गोविन्द आड़े व राजेन्द्र प्रसाद उपाध्याय द्वारा बिना अनुज्ञप्ति प्राप्त किये प्रवासी कर्मकार नियोजक किये गये। जो नियमों का उल्लंघन है। प्रवासी कर्मकारों की भर्ती एवं नियोजन का व्यौरा विहित अधिकारी को नही दिया गया। प्रवासी कर्मकारों को वापसी का किराया नही दिया गयाए उन्हें पासबुक इशू नहीं की गई। मजदूरों को आज की तिथि तक मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया। साथ ही इन सभी से प्रातः 6 बजे से रात्रि 11 बजे तक कार्य लिया जाता था। इन सभी बिन्दुओं पर कौड़िया निवासी राजेन्द्र प्रसाद उपाध्याय एवं महाराष्ट्र जिला बीड़ निवासी अशोक गोविन्द आड़ेए से 7 दिनों के भीतर दस्तावेजों सहित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा गया है। अन्यथा अंतर्राज्यीय प्रवासी कर्मकार अधिनियम का उल्लंघन करने पर एक साल की सजा का प्रावधान है।



# महापौर ने किया वेंकट वार्ड का निरीक्षण निषाद स्कूल में नए भवन का प्रस्ताव

**कटनी,यशभारत।** कटनी नगर पालिक निगम महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत शहर के वेंकट वार्ड क्रमांक 13 का एमआईसी सदस्य श्रीमती बीना बैनर्जी एवं पार्षदों गणमान्य नागरिकों तथा अधिकारियों की उपस्थिति में भ्रमण कर निरीक्षण किया इस दौरान महापौर द्वारा वेंकट वार्ड स्थित निषाद विद्यालय की अत्यंत जर्जर हो चुकी बिल्डिंग का उपस्थित अधिकारियों को अतिरिक्त भवन निर्माण को लेकर प्रस्ताव तैयार करने निर्देशित किया। इसी कड़ी में नरेंद्र मार्ग में रेलवे लाइन से लगे नाले की सफाई के निर्देश भी उपस्थित स्वास्थ्य अधिकारी को दिए तथा नाले की रिपेयरिंग एवं सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए कवहरिंग कराने भी निर्देशित किया। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के निरीक्षण के दौरान नरेंद्र मार्ग से आधारकाप को जोड़ने वाला रास्ता जो कि अत्यंत जर्जर स्थिति में पहुंच चुका है उसके नवनिर्माण के लिए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने मौके पर अधिकारियों को भू स्वामियों से सहमति लेने के निर्देश दिए थे। जिसे स्थानीय भूस्वामियों द्वारा सहमति प्रदान कर महापौर का सड़क एवं नाला निर्माण मार्ग प्रशस्त करने के लिए आभार व्यक्त किया है। तो वहीं महापौर ने कहा नगर के विकास में हमारे द्वारा किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। इस दौरान पार्षद श्रीमती शकुंतला सोनी सुभाष साहू श्रीमती सीमा श्रीवास्तव पूर्व पार्षद जयनारायण निषाद मीनू बेनर्जी सहित स्थानीय जनों में अशोक निषाद विजय निषाद केशव निषाद रामचरण निषाद विजय निषाद महावीर निषाद संतोष निषाद तथा नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी सहायक यंत्री सुनील सिंह उपयंत्री शैलेंद्र पयासी विद्यालय के शिक्षको की मौजूदगी रही।

# विश्व आर्द्रभूमि दिवस पर भाषण प्रतियोगिता

**कटनी, यशभारत।** शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में राष्ट्रीय हरित कोर योजना द्वारा विश्व आर्द्रभूमि दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्व आर्द्रभूमि दिवस पर मध्य प्रदेश के जलाशय एवं उनका संरक्षण तथा जल संरक्षण के महत्व विषय में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के 11 विद्यार्थियों ने सहभागिता करी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस के खरे, ईको क्लब प्रभारी श्रीमती ज्योत्सना आठया, श्रीमती पद्मजा शुक्ला, विभागाध्यक्ष जूलॉजी डॉ विनय बाजपेई, विभागाध्यक्ष कॉमर्स डॉ माधुरी गर्ग, विभागाध्यक्ष हिंदी डॉक्टर सरदार दिवाकर एनसीसी अधिकारी ने आर्द्रभूमि, एवं जल संरक्षण के बारे में अपने-अपने विचार विद्यार्थियों के साथ साझा किए तथा उन्होंने कहा कि आर्द्रभूमि का संरक्षण जैव विविधता एवं पारिस्थितिकी तंत्र के लिए आवश्यक है। इसके अभाव में पर्यावरण असंतुलित होता जा रहा है। इसके संरक्षण के लिए निरंतर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन होते रहना चाहिए साथ ही महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भी जल संरक्षण एवं आर्द्रभूमि विषय पर अपने अपने विचार साझा किए तथा विद्यार्थियों ने जल संरक्षण एवं आर्द्रभूमि के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि बरसात के पानी को अधिक से अधिक संग्रह करने की आवश्यकता है तथा कुओं का निर्माण, बांधों का निर्माण, तालाबों का निर्माण होने से जल संरक्षण संभव होगा। तथा आवश्यकता के अनुसार ही जल का उपयोग करें। वाटर हार्वेसि्ंटग का भी निर्माण होना चाहिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण होना चाहिए तभी जल का संरक्षण हो सकता है नहीं आने वाले समय में जल के लिए भी विश्व युद्ध हो सकता है।



# महीनों से बंद थी अशोक कालोनी की स्ट्रीट लाइट

**कटनी,यशभारत।** मुख्य जंक्शन के रेल्वे डिस्पेंसरी से अशोक कालोनी जाने वाला मार्ग एवं मुख्य जंक्शन रोड के आस-पास स्ट्रीट लाईट बंद रहने से रहवासी परेशान की जानकारी प्राप्त हाने पर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा संज्ञान में लेते हुए कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी को निर्देशित किया गया। जिसके संबंध में अवत कराया गया कि उल्लेखित स्थल मुख्य जंक्शन के रेल्वे डिस्पेंसरी से अशोक कालोनी जाने वाला मार्ग एवं मुख्य जंक्शन रोड के आसपास नगरपालिक निगम, कटनी द्वारा स्थापित लाईटों का सुधार कार्य करवा कर चालू कर दी गई हैं।

# लालबहादुर शास्त्री वार्ड में सर्विस लाइन में सुधार

**कटनी,यशभारत।** लालबहादुर शास्त्री वार्ड क्रं. 03 कुठला कोरी मोहल्ला मे तारें हादसे का इंतजार कर रहा बिजली विभाग की जानकारी प्राप्त हुई कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा संज्ञान में लेते हुए कार्यालय कार्यपालन अभियंता शहर संभाग मप्रपूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लि.कटनी को निर्देशित किया गया। जिसके संबंध में सहायक अभियंता संधारण एवं लाईन मैन के द्वारा लालबहादुर शास्त्री वार्ड क्रं. 03 कुठला कोरी मोहल्ला का निरीक्षण करने पर पाया गया कि कोई भी 33 केव्ही फीडर एवं 11 केव्ही फीडर एवं एलटी लाईन के तार मानक स्तर से कम ऊंचाई पर नही है। उपरोक्त स्थान पर भवन निर्माण के दौरान भूमि स्वामी द्वारा सर्विस लाईन को सड़क के बीच में कर दिया गया था। जिसके कारण सर्विस लाइन की ऊंचाई मानक स्तर से कम हो गई थी जिसका सुधार करवा दिया गया।

# बाल संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने वाले स्वयंसेवक सम्मानित



**कटनी,यशभारत।** राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में बाल संरक्षण विषय पर 3 माह तक लगातार कटनी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जन जागरूकता अभियान संचालित करने वाले स्वयंसेवकों के सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अभियान को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस के खरे जिला संगठक एनएसएस डॉक्टर आरपी सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में आयोजित किया गया प्रमाण पत्र वितरण में देवेंद्र गुप्ता आवाज जिला कोऑर्डिनेटर कटनी, डॉ विनय बाजपेई, डॉ माधुरी गर्ग, डॉ सरदार दिवाकर, श्रीमती ज्योत्सना आठ्या, डॉक्टर आर पी सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुआ स्वयंसेवकों ने बाल तस्करी मुद्दों पर समाज में विभिन्न नवा चारों के साथ जागरूकता फैलाई, क्षेत्रीय पहनावे, लोकगीत, नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से ग्रामीण जनों को बाल संरक्षण हेतु जागरूक किए तथा बाल संरक्षण की जानकारी बाल तस्करी के मुद्दे को विस्तार से जानकारी प्रदान किए। इस सम्मान समारोह में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक शिवम द्विवेदी, रामकुमार, रेनिका सिंह राजपूत, तुषा मेहरा, सृजन सोनी, आकाश दुबे, अभिनंदन कुशवाहा, मेघा विश्वकर्मा, अभिषेक तिवारी, विक्रम सिंह एवं अन्य स्वयंसेवक भी बाल संरक्षण हेतु जागरूकता कार्यक्रम में जागरूकता कार्यक्रम में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई।



# शासकीय उचित मूल्य दुकान इमलिया में आया चावल

**कटनी,यशभारत।** गरीबों को बांटा जा रहा था फफूंद लगा घटिया चावल की जानकारी कलेक्टर अवि प्रसाद को प्राप्त होने पर शिकायत को संज्ञान में लेते हुए कार्यालय जिला खाद्याय आपूर्ति अधिकारी, जिला कटनी को निर्देशित किया गया। सहायक आयुक्त सहकारिता नें बताया कि प्रकरण के संबंध में क्षेत्रीय कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा जांच की गई। जांच में शासकीय उचित मूल्य दुकान में वितरण हेतु भेजा गया चावल खराब होने के कारण पात्र हितग्राहियों को वितरित नही किया गया है। शासकीय उचित मूल्य दुकान इमलिया को प्रदाय चावल को तत्काल जिला प्रबंधक को मध्य प्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन कटनी के माध्यम से बदलने एवं बिना सूटैक चयन के सामग्री का उठाव नहीं करने हेतु निर्देशित किये जाने के उपरांत जिला प्रबंधक, मध्य प्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन कटनी के द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान इमलिया को प्रदाय किया गया चावल बदल दिया गया है।

# फाइलेरिया उन्मूलन हेतु सामूहिक दवा सेवन पर चर्चा, समन्वय समिति की बैठक



**कटनी,यशभारत।** जिले में 10 से 22 फरवरी तक होने वाले फाइलेरिया उन्मूलन के सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम हेतु जिला समन्वय समिति की बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में स्टेट डब्लूएचओ कोआर्डिनेटर डॉ.दवेन्द्र सिंह तोमर द्वारा पीपीटी के माध्यम से एमडीए अभियान की समस्त जानकारी व विभागों के समन्वय को विस्तार से समझाया गया। इस बैठक डॉप्रदीप मुडिया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा व शालिनी नामदेव जिला मलेरिया अधिकारी, समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारी, स्कूल शिक्षा विभाग से के के डेहरिया डीपीसीए राजेश अग्रहरि एडीई एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह, समस्त परियोजना अधिकारी महाविद्यालयों के प्राचार्य वन विभाग के अधिकारी एवं अन्य विभागो के अधिकारी उपस्थित रहे। सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम में आपसी सहयोग व समन्वय आवश्यक है ताकि कार्यक्रम सुचारू रूप से कराया जा सके। इस अभियान के अन्तर्गत कटनी जिले के 02 वर्ष से ऊपर के समस्त जनसमुदाय को हाथी पांव से बचाव हेतु उम्र के अनुसार डीईसी व एल्बेन्डाजोल की गोली का सेवन दवा सेवक बूथ स्तर पर 10 एवं 11 फरवरी 2023 को तथा 13 से 17 फरवरी को घर-घर जाकर दवा का सेवन अपने समक्ष में कराया जावेगा। साथ ही 20 से 22 फरवरी को छूटे हुये लोगो को दवा का सेवन कराया जावेगा।

# लापरवाही बरतने पर कैमोर के अधीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी



**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिला संयोजक अनुसूचित जनतातीय कार्य विभाग कटनी के अधीक्षक अवधेश कुमार दुबे को सौपे गये पदीय कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वाहन में लापरवाही तथा उदासीनता बरतने तथा शासकीय कार्य के संपादन में कोई रूचि नहीं लिये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया जाकर स्पष्टीकरण का जबाब 03 दिवस के देने के हेतु निर्देशित किया गया है। विदित हो कि कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा 02 फरवरी को कैमोर भ्रमण के दौरान छात्रावास का औचक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान अवधेश कुमार दुबे अधीक्षक अकारण अनुपस्थित पाए गए थे। साथ ही छात्रों ने कलेक्टर श्री प्रसाद को जानकारी दी कि ये छात्रावास में यदा-कदा ही उपस्थित रहतें है। छात्रावास 50 छात्रों की क्षमता का है, जिसमें केवल 11 छात्र दर्ज पाये गए। भ्रमण के दौरान छात्रावास मे केवल 05 छात्र उपस्थित पाए गए छात्रों द्वारा जानकारी दी गई कि उन्हे दैनिक उपयोग की वस्तुओं के लिए राशि उपलब्ध नही कराई गई साथ ही उनके दैनिक खर्च की राशि भी प्रदान नहीं किये जाने छात्रों द्वारा उपयोग किये जा रहें चादर, तकिया, रजाई आदि भी गंदी पाई गई। कटनी में मुख्यालय बनाकर नहीं रहने तथा अपने गृह ग्राम से आना-जाना करनें की जानकारी भी दी गई। निरीक्षण के दौरान छात्रावास में साफ-सफाई पर्याप्त नहीं पायी गयी। छात्रों को मीनू अनुसार भोजन नहीं दिये जाने की जानकारी भी प्रदान की गई। छात्रावास में नियमित रूप से उपस्थित न रहने के कारण अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों को शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जारी कारण बताओ सूचना पत्र मे अवधेश कुमार दुबे अधीक्षक का यह कृत्य मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार अवचार / कदाचरण की श्रेणी में एवं अनुशासनहीनता का द्योतक मानते हुए कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया जाकर तीन दिवस में जवाब देने हेतु निर्देशित किया गया है।

## कचहरी परिसर के अंदर से हटाई गई पीपल की टूटी शाखा



**कटनी,यशभारत।** कचहरी परिसर के अंदर पीपल की शाखा टूट कर बिलि्ंडग में टिकी होने के कारण हादसे को दे रही निमंत्रण की जानकारी प्राप्त होने पर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा संज्ञान में लेते हुए कार्यालय कार्यालय नगरपालिक निगम कटनी कटनी को निर्देशित किया गया। जिसके संबंध में कचहरी परिसर के अंदर एक पीपल की बड़ी शाखा टूटकर बिलि्ंडग के ऊपर रखी हुई है। उक्त स्थल का निरीक्षण किया गया एवं मौके पर नगर निगम उद्यान विभाग के कर्मचारियों द्वारा उक्तए शाखा को काटकर अलग कर दिया गया है।



# उमरियापान में बजरंग दल की बैठक में हुई नियुक्ति

**उमरियापान, यशभारत।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की उमरियापान में प्रखंड एवं संगठन के आगामी कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला सुरक्षा प्रमुख दीपक मिश्रा एवं ढीमरखेड़ा प्रखंड अध्यक्ष पंकज तिवारी सहित सभी प्रखंड पदाधिकारियों की मौजूदगी में चर्चा हुई की अभी तक उमरियापान प्रखंड अध्यक्ष का पद खाली है। सभी पदाधिकारियों की सहमति से उमरियापान प्रखंड अध्यक्ष ऋषभ ब्यौहार एवं प्रखंड सह संयोजक गजराज सिंह ठाकुर को नियुक्त किया गया। इस मौके पर शशांक त्रिपाठी, आशुतोष मिश्रा, अरविंद गुप्ता, राकेश बर्मन, अंकित बर्मन, मोहित सिंह, उमाशंकर पटेल, अमन यादव, राजन ठाकुर, मनोज सोनी, अमन बर्मन, पवन बर्मन, गोलू सोनी, राहुल बर्मन सहित एवं सदस्यों की उपस्थिति रही है।

# एथलेटिक्स में मप्र का जोरदार प्रदर्शन

## अंतिम दिन दो स्वर्ण सहित जीते पांच पदक



**भोपाल,यशभारत। खेलो इंडिया यूथ गेम्स में मध्य प्रदेश के एथलीटों ने जोरदार प्रदर्शन किया, अंतिम दिन मप्र ने दो स्वर्ण व तीन कांस्य सहित पांच पदक जीते। शिवकन्या और अजीत कुमार ने स्वर्ण पदक तथा अभय सिंह, अभिषेक कुमार मोर्य व एकता प्रदीप डे ने कांस्य पदक जीते। एथलेटिक्स में मप्र ने छह स्वर्ण, तीन रजत व पांच कांस्य सहित कुल 14 पदक जीते। एथलीटों के शाानदार प्रदर्शन से मप्र ने 21 स्वर्ण, 13 रजत व 19 कांस्य सहित कुल 52 पदकों के साथ पदक तालिका में तीसरा स्थान बरकरार है।तात्या टोपे नगर स्टेडियम पर आयोजित एथलेटिक्स चैपियनशिप में 12 फाइनल मुकाबले आयोजित हुए। बालिका वर्ग की 200 मीटर दौड़ में मप्र की शिवकन्या मुकाती ने स्वर्ण पदक जीता, हरियाणा की तमन्ना न ने रजत व केरल की मेघना एस ने कांस्य पदक जीता। बालकों की 200 मीटर दौड़ में मप्र के अभय सिंह ने भी कांस्य पदक जीता। इस इवेंट में तमिलनाडु के वरुण ओरी मनोहर ने स्वर्ण व उत्तरप्रदेश के मंगल कुमार यादव ने रजत पदक जीता। बालक वर्ग के 800 मीटर दौड़ में मप्र के आदर्श कुमार मोर्य ने प्रदेश को कांस्य पदक दिलया। इस इवेंट में राजस्थान के शकील ने हरियाणा के सोमनाथ चौहान ने रजत पदक जीता। बालक 2000 स्टीपल मीटर चेस में मध्य प्रदेश के अजित कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता।**

इस इवेंट में हरियाणा के सुमित राठी ने रजत व उत्तराखंड के सोहेल बेग ने कांस्य पदक जीता। बालिका वर्ग की 2000 मीटर स्टीपल चेस में मध्य प्रदेश की एकता प्रदीप डे ने कांस्य पदक जीता। इस इवेंट में दिल्ली की सोनम ने भारी अंतर से स्वर्ण व तेलंगाना की चेरापल्ली कीर्ताना ने कांस्य पदक जीता।

दो और राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड टूटे गए

खेलो इंडिया यूथ गेम्स में दो और राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड गिरे और दोनों टी.टी. भोपाल में नगर स्टेडियम, जहां ट्रैक और फील्ड प्रतियोगिताएं हो रही हैं। सबसे पहले, दिल्ली की सोनम ने लड़कियों के 2000 मीटर स्टीपलचेज में रिकॉर्ड तोड़ा, 6.45.71 मिनट के समय के साथ समाप्त किया और फिर बाद में लड़कों के शॉट पुट फाइनल में, राजस्थान के सिद्धार्थ चौधरी ने लोहे की गेंद को 21.04 मीटर की दूरी तक पहुँचाया। नया राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड। चीजों की बड़ी योजना में, महाराष्ट्र (25 स्वर्ण) ने तालिका के शीर्ष पर फिर से बढ़त हासिल कर ली है, लेकिन हरियाणा (22 स्वर्ण) और मेजबान मध्य प्रदेश (21 स्वर्ण) दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे और चुनने के लिए बहुत कम विकल्प थे। उनके बीच स्वर्ण पदक की शर्तें।

### जबलपुर में शुरू होंगी तलवारबाजी प्रतियोगिताएं

जबलपुर के रानीताल खेल परिसर में आज से तलवारबाजी प्रतियोगिता शुरू हो रही है। इससे पहले खो खो और तीरंदाजी प्रतियोगिताएं भी इसी मैदान पर खेली जाती थीं। 10 फरवरी, 2023 तक एपी, फॉइल और सेबर इवेंट्स में करीब 250 युवा फ़ेंसर्स अपने कौशल का प्रदर्शन करते नज़र आएंगे। लड़कों और लड़कियों दोनों प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

### बालिका फुटबॉल के सेमीफाइनल में पहुंचा मध्य प्रदेश

बालाघाट के मुल्ना स्टेडियम में, मेजबान एमपी ने 2000 प्रशंसक प्रशंसकों की भीड़ के सामने गर्ल्स फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया, जब उन्होंने केरल को 3-1 से जीत के खेल में हरा दिया। दूसरे हाफ में गोलरहित रहने के बाद मोनिशा सिंह की शानदार फ्री-किक ने मेजबान टीम को बढ़त दिला दी और इसके बाद वे और आगे बढ़ गए। आखिरी मिनट में केरल को सांत्वना गोल मिला। दूसरे गेम में अरुणाचल प्रदेश ने दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव पर 17 गोल दागे, बिना कोई जवाब दिए वह भी सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर गया।

लड़कों के फुटबॉल में इंदौर के एमराल्ड हाइट्स मैदान में, पंजाब ने अरुणाचल पर 3-0 से जीत के साथ अंतिम चार के लिए क्वालीफाई किया। दूसरे गेम में केरल ने एमपी को 5-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

### दिन के सितारे

दिन के सितारे हालांकि सोनम और सिद्धार्थ थे और उन्होंने शानदार प्रयासों को सामने लाया। सोनम ने दूरी की दौड़ में अपने दूसरे स्थान के प्रतिद्वंद्वी तेलंगाना की सी. कीर्तन को पीछे छोड़ दिया, अंतिम चरण में शानदार गति के साथ। सिद्धार्थ का 21.04 मीटर का प्रयास भी उत्तर प्रदेश (यूपी) के आशुतोष दुबे से लगभग डेढ़ मीटर आगे था, जिन्होंने रजत के लिए 19.70 मीटर की छलांग लगाई। मध्य प्रदेश (एमपी) की एकता डे और अनुराग सिंह कलेर ने क्रमशः लड़कियों के स्टीपलचेज और लड़कों के शॉट पुट में कांस्य पदक जीता।

### महाराष्ट्र की संयुक्ता काले ने रिदमिक जिम्नास्टिक में तीन स्वर्ण जीते

ग्वालियर के लक्ष्मीबाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन (एलएनआईपीई) में, जहां जिम्नास्टिक प्रतियोगिता के दिन समापन हुआ, महाराष्ट्र की संयुक्ता काले ने गर्ल्स रिदमिक जिम्नास्टिक में तीन स्वर्ण पदक जीते। संयुक्ता ने पूरी तरह से अनुशासन पर हावी होने के लिए क्लब, हूप और बॉल इवेंट जीते। जम्मू-कश्मीर की मुस्कान राणा तीनों स्पर्धाओं में उनके बाद दूसरे स्थान पर रहीं।

अन्य छह जिम्नास्टिक स्वर्ण समान रूप से मेजबान एमपी (दीपेश लश्करी- बॉयज हॉरिजॉन्टल बार), यूपी (जतिन कुमार कनौजिया- बॉयज पैरेलल बार), तेलंगाना (सुरभि प्रसन्ना- गर्ल्स वॉल्ट), गुजरात (निशि भावसार- गर्ल्स बैलेंसिंग बीम), के बीच समान रूप से वितरित किए गए। पश्चिम बंगाल (सौमिली करार- गर्ल्स फ्लोर एक्सरसाइज) और महाराष्ट्र (उर्वी वाघ- गर्ल्स अनइवन बार्स)।

### कबड्डी की शुरुआत इंदौर में हुई

कबड्डी प्रतियोगिताएं भी इंदौर के अभय प्रशाल में सातवें दिन ग्रुप गेम लाइन अप के साथ शुरू हुई। लड़कियों में एमपी, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और बिहार ने अपने खेल जीते जबकि लड़कों में दिल्ली, महाराष्ट्र, राजस्थान और यूपी विजेता रहे।

ग्वालियर में म.प्र. महिला हाकी अकादमी टर्फ में हॉकी के ग्रुप मुकाबले भी जारी रहे। मेजबान एमपी ने लड़कों और लड़कियों दोनों श्रेणियों में प्रभावित करना जारी रखा क्योंकि उनके लड़कों ने झारखंड को 5-1 से हराया, जबकि लड़कियों ने बिना कोई जवाब दिए ओडिशा को पीछे छोड़ दिया। उस दिन के अन्य विजेताओं में यूपी (लड़कियां), पंजाब (लड़कियां), यूपी (लड़के), पंजाब (लड़के) और हरियाणा (लड़के) थे। हरियाणा और झारखंड के बीच लड़कियों के ग्रुप का खेल गतिरोध पर समाप्त हुआ।

### निशानेबाजी में चीफ नेशनल राइफल कोच के बेटे ने जीता गोल्ड

निशानेबाजी में जहां दो स्वर्ण पदक तय थे, पूर्व ओलंपियन और मुख्य राष्ट्रीय राइफल कोच जॉयदीप कर्मकार के 17 वर्षीय बेटे एड्रियान कर्मकार ने राजस्थान के मानवेंद्र शेखावत को 16-16 से हराकर लड़कों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (3पी) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। स्वर्ण पदक संघर्ष में 12। 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में यूपी के केशव चौधरी और संस्कृति बाना ने गोल्ड जीता, जिन्होंने निर्णायक मुकाबले में हरियाणा के शुभम बिस्ला और सुरुचि को 16-8 से हराया।

### अन्य एथलेटिक परिणाम

800 मीटर बालक- शकील (राज) ने 1.52.15 मिनट में स्वर्ण, सोमनाथ चौहान (हरियाणा) ने रजत, आदर्श मौर्य (मध्यप्रदेश) ने कांस्य

800 मीटर गर्ल्स- आशा किरण बारला (झा) ने 2.07.37 में स्वर्ण, लक्षिता संडिलिया (गुजरात), रिया नितिन पाटिल (महाराष्ट्र)



## कप्तान रोहित का सबसे बड़ा टेस्ट

## भारत और WTC फाइनल के बीच खड़ा ऑस्ट्रेलिया ; शर्मा का कप्तानी अनुभव कम

**मुंबई, ईएमएस।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 4 मैचों की सीरीज रोहित शर्मा के कप्तानी करियर का पहला सबसे बड़ा टेस्ट होगा। 9 फरवरी से नागपुर में पहला टेस्ट खेला जाएगा। फरवरी 2022 में कप्तानी मिलने के बाद रोहित 2 ही टेस्ट में भारत की कप्तानी कर सके। इस बीच इंजरी के कारण वे इंग्लैंड और बांग्लादेश में 3 टेस्ट नहीं खेल सके।रोहित का टेस्ट कप्तानी में अनुभव कम है। वहीं, वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने के लिहाज से भारत के लिए सीरीज बहुत अहम है। आगे स्टोरी में हम आंकड़ों के जरिए जानेंगे कि कप्तान रोहित के सामने इस सीरीज में क्या मुश्किलें आएंगी। उन्होंने अपनी कप्तानी में कैसा परफॉर्म किया है और ड्ब्ल्नुष्ट फाइनल में पहुंचने के लिए भारत को क्या करना होगा।

### 2 ही मैचों में कप्तानी की

टेस्ट कप्तानी मिलने के बाद रोहित शर्मा भारत के लिए 2 ही मैचों में कप्तानी कर सके। ये टेस्ट पिछले साल मार्च में श्रीलंका के खिलाफ खेले गए थे। भारत ने दोनों ही टेस्ट जीते। इस सीरीज के बाद भारत ने इंग्लैंड में एक और बांग्लादेश में 2 टेस्ट खेल लिए। लेकिन, चोट के चलते रोहित टीम का हिस्सा नहीं बन सके।

इस दौरान तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड में और केएल राहुल ने बांग्लादेश में कप्तानी की। भारत इंग्लैंड में टेस्ट मैच हार गया। वहीं, बांग्लादेश में टीम इंडिया ने क्लीन स्वीप किया।

### इंजरी ने किया परेशान

पिछले एक साल में टीम इंडिया से दूर रहने की सबसे बड़ी वजह रोहित की इंजरी रही। इंजरी के कारण वे भारत के लिए पिछले 10 में से 2 ही टेस्ट खेल सके हैं। पिछले महीने भी बांग्लादेश में वह वनडे सीरीज के दौरान चोटिल हो गए। जिसके बाद टेस्ट सीरीज में उनकी जगह केएल राहुल ने कमान संभाली थी। लेकिन, रोहित अब पूरी तरह फिट हैं। श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज जिता कर बेहतर माइंडसेट के साथ वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज जीत के लिए तैयार हैं।

### कप्तानी में 30 का औसत

अपनी टेस्ट कप्तानी में बैटर रोहित शर्मा का प्रदर्शन भी अब तक बड़ी टीम के खिलाफ देखने को नहीं मिला है। 2022 में श्रीलंका के खिलाफ 2 मैचों में उनके बल्ले से कुछ खास रन नहीं निकले थे। तब 2 टेस्ट में उन्होंने 30 की औसत से महज 90 रन बनाए। उनका बेस्ट स्कोर भी 46 रन ही रहा।

### भारत में खूब रन बनाए

रोहित शर्मा ने 2013 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 मैचों की घरेलू सीरीज से टेस्ट डेब्यू किया था। यह सचिन तेंदुलकर के करियर का आखिरी टेस्ट मैच था। रोहित ने तब से भारत में खूब रनाए। भारत में खेले 20 टेस्ट में उनके नाम 1760 रन हैं। इनमें 7 शतक और 6 अर्धशतक आए। विदेश में उनके बैट से शुरुआत में कुछ खास रन नहीं निकले। लेकिन, पिछले 2 साल में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में रन बनाकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।वर्ल्ड कप देखा तो खुद को वहीं महसूस किया।

## रवींद्र जडेजा बोले- 5 महीनों बाद भारत की जर्सी पहनकर खुशी हुई ; रणजी में कॉन्फिडेंस मिला

मुंबई, ईएमएस। भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा भारतीय टीम के साथ जु? चुके हैं। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 9 फरवरी से शुरू हो रही टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया का हिस्सा होंगे। टेस्ट मैच से पहले ब्न्ष्टष्ट्व ने रवींद्र जडेजा के इंटरव्यू का वीडियो शेयर किया। इसमें उन्होंने अपने सर्जरी के बाद हुए रिहैब एक्सपीरिएंस को शेयर किया। उन्होंने कहा, 5 महीने बाद वापसी करके बहुत खुश हूं। सर्जरी के बाद रिहैब में फिजियो ने छुट्टी के दिन भी मुझ पर मेहनत की।

### वर्ल्ड कप से पहले सर्जरी का फैसला मुश्किल था



रवींद्र जडेजा ने आखिरी बार अगस्त 2022 में एशिया कप के दौरान भारत के लिए क्रिकेट मैच खेला था। एशिया कप में ही उन्हें घुटने में चोट लगी थी। इसके बाद उन्होंने घुटने की सर्जरी करवाई। जडेजा ने कहा, च्पांच महीने क्रिकेट से दूर रहना बहुत मुश्किल था। आराम के दौरान आप चि?ने लगते हो। चोट से मैं परेशान था और सर्जरी करवानी ही थी। मैंने सोचा की वर्ल्ड कप से पहले सर्जरी करवाना चाहिए या बाद में। डॉक्टर की सलाह पर मैंने वर्ल्ड कप से पहले सर्जरी करवाई। क्योंकि सर्जरी के बिना भी वर्ल्ड कप खेलना मुश्किल था।ज

### वर्ल्ड कप देखा तो अपने आप को वहीं देख रहा था

जडेजा ने कहा, चरिकवरी का समय बहुत मुश्किल होता है। इस दौरान लगातार यही सवाल आता है कि आप कब फिट होंगे। घर से जब टी-20 वर्ल्ड कप देखा तो मुझे लगा कि मैं भी वहीं हूं। ये चीजें आपको मोटिवेट करती हैं। आप अच्छे से ट्रेनिंग और रिहैब करते हैं।ज

### फिजियो और ट्रेनर्स ने बहुत मेहनत की

जडेजा बोले, चफिजियो और ट्रेनर्स ने ह्लष्ट्र में मुझ पर बहुत मेहनत की। संडे को ऑफ रहने पर भी फिजियो मेरे लिए आते थे और मदद करते थे। मैं दो-तीन हफ्ते ह्लष्ट्र बेंगलुरु में रहता था और फिर माइंड फ्रेश करने के लिए घर जाता था। ज्यादातर टाइम ट्रेनिंग में ही बितता था, जिससे कि मैं जल्दी ठीक हो जाऊं।ज

वह बोले, च्ह्लष्ट्र में भी ट्रेनर्स बहुत मोटिवेट करते थे। जब मैं कहता था कि मुझे बहुत दर्द हो रहा है। तब वो बोलते थे कि आपको मेहनत देश के लिए करना है न कि खुद के लिए। इससे मनोबल ब?ा।ज

### इंजरी के बाद के दो महीने बहुत मुश्किल थे

जडेजा ने बताया, च्सर्जरी के बाद के दो महीने मेरे लिए बहुत कठिन थे। इस दौरान आप बाहर भी नहीं जा सकते और चल भी नहीं सकते। इस दौरान परिवार और दोस्त मेरे साथ थे।ज

इंजरी से पूरी तरह रिकवर होने के बाद 34 साल के जडेजा ने 24 जनवरी को सौराष्ट्र के लिए रणजी ट्रॉफी मैच खेला। जडेजा ने बताया, च्चोट से रिकवरी के बाद रणजी मैच के पहले दिन मुझे अजीब सा लगा। मैं 5 महीने बाद धूप में क्रिकेट खेलने आया था। इससे पहले पूरे समय मैं इंडोर ट्रेनिंग ही कर रहा था। रणजी में चेन्नई के वेदर में मुझे मुश्किलें हुईं, लेकिन हर दिन मुझे बेहतर महसूस हुआ। पांचवें दिन मुझे लगा कि मैं मैच खेलने के लिए फिट हूं। आपको ब?ा टूर्नामेंट खेलने से पहले कॉन्फिडेंस चाहिए रहता है और वो रणजी में मुझे मिल गया।

तमिलनाडु के खिलाफ मैच में जडेजा ने 41.1 ओवर बॉलिंग की। पहली पारी में तो उन्हें एक ही विकेट मिला, लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने 7 विकेट झटक लिए। उन्होंने बैटिंग करते हुए 23 और 15 रन की पारियां खेल कर खुद को मैच के लिए तैयार साबित किया।



## सेल्फी के प्रमोशन में अक्षय ने लिया भाईजान का सहारा

**मुंबई, ईएमएस। बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार और सलमान खान का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दोनों अपकमिंग फिल्म च्सेल्फीज के सॉन्ग च्मैं खिलाड़ीज पर डांस करते हुए नजर आ रहे हैं। दोनों सुपरस्टार्स को एक साथ देखना उनके फैंस के लिए एक विजुअल ट्रीट है। इस दौरान सलमान ब्लैक टी-शर्ट और ब्लू जींस में नजर आए।**



## मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी पर सलमान खान संग किया जबरदस्त डांस

वहीं अक्षय ने ब्लू टी-शर्ट के साथ ग्रे पैंट और व्हाइट स्नीकर्स में दिखाई दिए।इस वीडियो में दिखाई दे रहा है कि अक्षय पहले सलमान खान को अपने टैबलेट पर सॉन्ग को दिखाते हैं। गाने के स्टेप्स सीखने के बाद अक्षय-सलमान दोनों डांस करने लगते हैं। अक्षय ने इस वीडियो को शेयर करते हुए लिखा, च्सलमान खान को बीट पकड़ने में मुश्किल से कुछ सेकेंड लगे। फिर क्या भाई...बस धूम मचाई।ज

### यूजर्स के रिएक्शन

अब इस वीडियो को देखने के बाद फैंस से लेकर सेलेब्स तक रिएक्ट कर रहे हैं। राखी सावंत ने लिखा, च्बधाई हो भाई।ज, सिंगर स्टेबिन बेन ने लिखा, च्मेरे चहेते स्टार्स को यूं देखकर बहुत अच्छा लग रहा है।ज वहीं कुछ यूजर्स का कहना है कि अक्षय कुमार भी शाहरुख खान की राह पर निकल पड़े हैं। उन्होंने भी अपनी फ्लॉप होती फिल्मों के बाद भाईजान का सहारा ले लिया है।

### मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी का रीमेक है ये गाना

अक्षय कुमार की फिल्म च्सेल्फीज का गाना च्मैं खिलाड़ीज साल 1994 में आई फिल्म च्मैं खिलाड़ी तू अनाड़ीज का रीमेक है। इस गाने की खास बात ये है कि च्मैं खिलाड़ी तू अनाड़ीज में भी अक्षय कुमार ने लीड रोल प्ले किया था। इस फिल्म में उनके साथ एक्टर सैफ अली खान नजर आए थे। ये फिल्म काफी हिट रही थी।

### 24 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी च्सेल्फी

अक्षय की फिल्म च्सेल्फीज की बात करें तो इसमें उनके साथ इमरान हाशमी और नुसरत भरूचा भी हैं। यह फिल्म 24 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसको राज मेहता ने डायरेक्ट किया है। ये फिल्म मलयालम फिल्म च्ड्राइविंग लाइसेंसज का हिंदी रीमेक है। इस फिल्म में इमरान पुलिस ऑफिसर के रोल में नजर आ रहे हैं। वहीं अक्षय सुपरस्टार विजय के रोल में दिखाई दे रहे हैं।



## करोड़ों की मालकिन हैं अनुपमा में साड़ी पहनकर एंट्री मारने वाली माया, रियल लाइफ में हैं बेहद ग्लैमरस

मुंबई ,ईएमएस। टीवी के पॉपुलर सीरियल च्अनुपमाज में इन दिनों एक नए किरदार ने हलचल मचा रखी है। हम बात कर रहे हैं माया का रोल प्ले करने वाली एक्ट्रेस छवि पांडे की, जो सीरियल में खुद को अनुपमा-अनुज की बेटी छोटी की असली मां बता रही हैं। शो में छवि ट्रेडिशनल लुक में नजर आती हैं, जबकि रियल लाइफ में ये हसीना काफी बोल्ड है। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स की मानें, तो उनकी नेट इनकम भी 5 मीलियन डॉलर के आसपास है। छवि के सोशल मीडिया पर नजर डालें, तो उनके पास वेस्टर्न कपड़ों का बेहतरीन कलेक्शन देखने को मिलता है। छवि पांडे के इंस्टाग्राम पर नजर डालें, तो वह अलग-अलग आउटफिट्स में नजर आ रही हैं। इस तस्वीर में आप देख सकते हैं कि मिनी ड्रेसेस पहने हुए दिख रही हैं। हसीना के पास शॉर्ट ड्रेसेस का बढ़िया कलेक्शन है। फ्लोरल प्रिंट की आउटफिट के साथ उन्होंने पेंडेंट चेन, ईयर स्टड्स और मिनिमल मेकअप किया हुआ है। दूसरी तरफ स्टाइलिश ड्रेस में वह बेहद ही हॉट लग रही हैं। च्अनुपमाज सीरियल मिलने के बाद छवि के सितारे इन दिनों बलुंदी पर हैं। हसीना बोल्ड आउटफिट्स पहनने के साथ ही अपनी फिटनेस पर भी खास ध्यान देती हैं। अगर आप घूमने का प्लान कर रही हैं, तो इस हसीना से फैशन आइडियाज ले सकती हैं। इस तरह की फ्लोरल बिकिनी आपको मार्केट में आराम से मिल जाएंगी, जिसके साथ आप सैरॉन्ग बांध सकती हैं।छवि बिना मेकअप के ही अपने लुक्स को स्टाइलिश बना लेती हैं। बीच पसंद करने वाली महिलाएं उनके इन लुक्स से टिप्स ले सकती हैं। वहीं कपड़ों का कलर कॉम्बिनेशन सटीक बैठें, इसके लिए भी आप इस हसीना की तस्वीरों पर एक नजर डाल सकती हैं। छवि की हर एक तस्वीर में आपको उनकी लग्जीरियस लाइफ की झलक देखने को मिलेगी।

# लड़की से मिलने घर से निकले युवक का रक्तरंजित शव मिला



## घटना से सनसनी, धारदार हथियार से उतारा गया मौत के घाट, पुलिस हत्यारों का पता लगाने जुटी

कटनी, यशभारत। कटनी के रंग नाथ थाना क्षेत्र हत्या की खबर से सनसनी फैल गई। एक युवक का शव ईट भट्ठा के पास पड़ा मिला। सूत्रों के अनुसार रंगनाथ थाना क्षेत्र के अंतर्गत रविवार रात्रि एक युवक की हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि सुबह अरविंद पिता विजय वंशकार गड्ढा टोला मरघटाई के पास भट्ठा मोहल्ला मे युवक के रक्त रंजित शव पड़े होने की सूचना मिली जिस पर मौके पर पहुंचकर पुलिस ने जांच की प्रथम दृष्टया पाया गया कि अरविंद नामक युवक की धारदार हथियार से वार कर हत्या की गई। पुलिस ने हत्या का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की है डॉग्स स्कक्वायड की मदद भी ली जा रही।



यह घटना रात्रि की बताई गई जिसमे अरविन्द को अंतिम बार रात को 9 बजे देखा गया था। मौके पर रंगनाथ नगर थाने की पुलिस बल और सीएसपी पहुंचे और पूरे मामले की जांच में जुट गए हैं। मृतक युवक के शरीर पर धारदार हथियार से हमला किए जाने के निशान है। घटना स्थल पर पहुंचे एससीपी विजय प्रताप सिंह ने बताया इस हत्या की सूचना मिलते ही वह रंगनाथ नगर थाने की पुलिस बल के साथ पहुंच पूरे मृतक अरविंद वंशकार के शव का पंचनामा कार्यवाही करते हुए मौके पर डॉग स्क्वायड की टीम बुलवाकर पूरे मामले की जांच की जा रही है। मृतक अरविंद वंशकार के पिता विजय वंशकार ने बताया की उनका मृतक बेटा अरविंद कल शाम को घर से निकाला था और अब देर रात तक घर नहीं पहुंचा तो उसकी तलाश की गई तो उसके दोस्तों ने बताया की वह किसी लड़की के घर जाने की बात कर रहा था उसके बाद वह कहा चला गया इसकी कोई सूचना नहीं मिली और सुबह होते ही मोहल्ले के लोगो ने मृतक अरविंद का शव गढ्ढा टोला के ईट भट्ठे के पास खून से लतपत अवस्था मिलने की सूचना मिलने से पूरा परिवार मौके पर पहुंच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर हत्यारे की तलाश में जुट गई है।

## कार से ले जा रहे थे 36 लाख 48 हजार रुपए पुलिस ने किए जब्त, व्यापारियों ने कहा रुपये वसूली के



**कटनी,यशभारत।** कुठला पुलिस ने एक कार से 36 लाख रूपए जप्त किये हैं। कुठला पुलिस के द्वारा नेशनल हाईवे 7 में चाका बाईपास के पास चेकिंग के दौरान कार में ले जाए जा रहे 36 लाख 48 हजार 120 रूपये नगद जप्त किए गए हैं। टीआई कुठला अरविंद जैन के साथ चौकी प्रभारी बिलहरी उप निरीक्षक अरुण पाल सिंह, सहायक उपनिरीक्षक प्रहलाद पैकरा, प्रधान आरक्षक राजेश चौधरी एवं प्रधान आरक्षक नरेंद्र पटेल ने सतना मैहर की ओर से आ रही मारुति ब्रेजा कार क्रमांक एम. पी. 21 सीबी 2762 को चाका बाईपास के पास चेक किया। कार में बैठे मिले लकी नागवानी पिता किशोर उम्र करीब 35 साल निवासी बंगला लाइन थाना माधव नगर कटनी , पवन कलवानी पिता हरिराम उम्र करीब 42 साल निवासी हॉस्पिटल लाइन थाना माधव नगर कटनी, संजय गजवानी पिता स्वर्गीय बृजलाल उम्र 41 साल निवासी बंगला लाइन थाना माधव नगर जिला कटनी, प्रेमचंद गजवानी पिता स्वर्गीय बृजलाल गजवानी उम्र 51 साल निवासी बंगला लाइन माधव नगर कटनी एवं नरेश पोपटानी पिता गलोमल उम्र 48 साल निवासी माधव नगर कटनी से कुल 36 लाख अड़तालिस हजार नगदी ले जाते पाए जाने पर पूछताछ की गई। ये लोग संतुष्टि पूर्वक जानकारी नहीं दे सके। पुलिस द्वारा उक्त राशि को धारा 102 दंड प्रक्रिया संहिता में जप्त कर लिया गया है एवं प्रकरण को आयकर विभाग को सौंपा जा कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक पूछताछ में पकड़े गए लोगों ने अब तो बड़ी मात्रा में ले जा रहे नगदी के बारे में बताया है कि उन्होंने अपने व्यापार में सीधी सिंगरौली इत्यादि से कलेक्शन करके ला रहे थे, मौके पर पुलिस को उक्त राशि के संबंध में किसी प्रकार का बिल इत्यादि प्रस्तुत नहीं किया गया है।

## ट्रेक्टर की किश्त चुकाने चुरा लिया दूसरे का ट्रेक्टर

### पुलिस ने ट्रेक्टर ट्राली बरामद की

**कटनी,यशभारत।** कटनी में एक अजीबोगरीब चोरी का मामला सामने आया है। स्लीमनाबाद एसडीओपी मोनिका तिवारी के मार्गदर्शन मे स पत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम के तहत थाना स्लीमनाबाद में धारा 379 में त्वरित कार्यवाही करते हुये चोरी गया ट्रेक्टर एमपी 21 एबी 2128 मय ट्राली कीमती लगभग 5.5 लाख रूपये को बरामद किया गया। पर खास बात यह है कि यह चोरी श स ने इसलिए की थी क्योंकि उसे अपने ट्रेक्टर की किस्त चुकानी थी। बहरहाल आरोपी को गिर तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। प्रकरण के अनुसार प्रार्थी रामजी बर्मन निवासी



सलैया फाटक ने बताया कि उसके खेत में खड़ा ट्रेक्टर नं0 एमपी 21 एबी 2128 मय ट्राली को कोई अज्ञात चोरी कर लिया है। प्रकरण मे चोरी गये ट्रेक्टर की तलाश पतारसी हेतु दो टीमों का गठन किया तथा तलाश हेतु लगाया गया। प्रकरण की विवेचना के दौरान घटनास्थल के आसपास के गांव तथा जबलपुर तरफ के टोलनाका सिहोरा तथा रास्ते में पड़ने वाले ढाबों के सीसीटीव्ही फुटेज देख गये, जिनमें चोरी गया ट्रेक्टर घटना दिनांक की रात्रि को जबलपुर तरफ जाते हुये दिखाई दिया। 4 फरवरी की रात्रि को गोहलपुर जबलपुर थाने के पीछे की ओर बाईपास रोड से आने वाले रास्ते में एक लाल रंग का ट्रेक्टर रात्रि करीबन 11.00 बजे खाली मैदान तरफ से रोड तरफ आते हुये दिखाई दिया, जिसकी पहचान प्रार्थी द्वारा करने पर ट्रेक्टर चालक को पकड़ा तथा पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करते हुये चालक सुशील कुमार गोंड पिता मौजीलाल गोंड निवासी ग्राम बड़ी कारीपाथर ने बताया कि उसने कुछ महीने पहले एक नया ट्रेक्टर फायनेंस कराया था, जो आर्थिक तंगी के कारण किश्त नहीं दे पाने से ग्राम सलैया फाटक के रामजी बर्मन का ट्रेक्टर रात्रि के समय मे चोरी कर लिया था तथा जबलपुर में बेचने की कोशिश कर रहा था तभी पुलिस ने गोहलपुर थाने के पीछे ट्रेक्टर चलाते हुये पकड़ लिया था। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी स्लीमनाबाद विपिन सिंह, निरीक्षक सायबर सेल संजय दुबे, उनि नीरज दुबे, उनि राकेश पटेल, सउनि राजेश कोरी, सउनि संतोष सिंह, सउनि वहाब खान प्रआर 434 अविनाश मिश्रा तथा प्रआर 535 प्रशांत विश्वकर्मा सायबर सेल, आर0 641 रोहित सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

यश भारत परिवार को 17वें वर्ष में प्रवेश पर हार्दिक शुभकामनाएं



NABH एवं NABL द्वारा मान्यता प्राप्त चिकित्सालय
जबलपुर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर
SUPER SPECIALITY TREATMENT FACILITIES
• कार्डियोलॉजी–एंजियोग्राफी, एंजयोप्लास्टी • बायपास सर्जरी
• ओरल एण्ड मेक्सिलोफेशियल सर्जरी • न्यूरोलॉजी एवं न्यूरो सर्जरी
• यूरो सर्जरी • पीडियाट्रिक एवं नियोनेटोलॉजी • ऑन्कोलॉजी
• गेस्ट्रोइंट्रोलॉजी • दुर्घटना एवं अपघात निदान– ट्रॉमा केयर
• नेफ्रोलॉजी– हीमोडायलिसिस • ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी
• हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी • क्रिटीकल केयर • लेप्रोस्कोपिक ग्रेस्ट्रो सर्जरी
• इंडोक्रायनोलॉजी • ग्रेस्ट्रोइन्ट्रोलॉजी • पलमोनरी मेडीसिन • हाई रिस्क प्रसूति
कॉलेज ऑफ नर्सिंग जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ साइंस
Courses Available- GNM, B.Sc. (N), P.B.Sc. (N) & Ph.D (N)
M.Sc.(Nursing) In- MSN, OBG, CHN, PSY, PEDIA
अग्रसेन मंडपम के पास, कचनार सिटी रोड, अहिंसा चौक, विजय नगर, जबलपुर
Ph: 8269045001, 8269065001, 7869135658 Web.: www.nursingcollegejihs.com, E-mail: jihs25jabalpur@gmail.com
महाकौशल का प्रथम कॉस्मेटिक गायनेक सेंटर
जबलपुर कॉस्मेटिक गायनोकॉलोजी सेंटर
अब चिंता ना करें !
प्रसव पश्चात एवं मेनोपॉस के समय योनी का ढीलापन
खांसते या छींकते समय पेशाब का निकल जाना
लाइलाज कठिन श्वेत प्रदर (सफेद पानी)
इस तरह की समस्या से पीड़ित महिलायें संपर्क करें।



डॉ. अमिता सक्सेना
स्त्री रोग विशेषज्ञ



डॉ. ऋचा धीरावानी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

अत्याधुनिक लेजर द्वारा दर्द रहित इलाज की सुविधा
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: 93001 08912, 73547 77754, 79879 05551
दूसरी मंजिल, फेज 3 बिल्डिंग, जबलपुर हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर, रसल चौक, जबलपुर (म.प्र.)– 482001
रसल क्रॉसिंग, नेपियर टाउन, जबलपुर- 482002 म.प्र.
फोन: 0761-4026000, 2450761-62, फेक्स: 0761-4036343, टोल फ्री नं. 18002332450
Email- jhrc_hrd@yahoo.co.in, Website- www.jabalpurhospital.com

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक–श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक–आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन– (0761) 2643333
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22–24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)